आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक-108 ● जबलपुर ● गुरुवार, 20 मई, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● वैशाख शुक्ल पक्ष -9 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

## घर पर ही करें संक्रमण की जांच



**नई दिल्ली।** आईसीएमआर ने एक ऐसी जांच किट को मंजूरी दी है जिसकी सहायता से लोग घर बैठे ही कोरोना की जांच कर सकेंगे।ने रैपिड एंटीजन टेस्ट किट को मंजूरी दी। इसके जरिये घर में ही नाक के जरिए जांच का सैंपल लिया जा सकेगा। इस किट का इस्तेमाल कोरोना के हल्के लक्षण या संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आए लोग कर सकते हैं। इस टेस्टिंग किट को पुणे की मायलैब डिस्कवरी सोल्यूशंस लिमिटेड ने तैयार किया है।

## 4 घंटे बैंक में सिर्फ चार काम होंगे



देश में संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए बैंकों के शीर्ष संगठन इंडियन बैंक्स एसोसिएशन यानी आईबीए ने सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक ही बैंक खोलने की सलाह दी है। मालूम हो कि देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक ने यह नियम लागू कर दिया है। कैश निकासी या कैश जमा चेक की सुविधा ड्राफ्ट, आरटीजीएस और एनईएफटी सरकारी चालान से जुड़े काम ही बैंकों में होंगे

# कई देशों में कोरोना संक्रमण से राहत मिलने के बाद पाबंदियों के हटने का सिलसिला शुरू

**पेरिस, एजेंसियां।** यूरोपीय देशों में कोरोना संक्रमण से राहत मिलने के बाद अब पाबंदियों के हटने का सिलसिला शुरू हो गया है। फ्रांस में छह माह से बंद पड़े काफी हाउस और रेस्टोरेंट शुरू कर दिए गए। आस्ट्रिया में भी होटलों को अतिथियों के लिए खोल दिया गया है। फ्रांस में छह माह से चल रही पाबंदी को कई चरणों में खोला गया है। पहले सात बजे के स्थान पर नौ बजे से कर्फ्यू किया गया। उसके बाद संग्रहालय, सिनेमाघर और खुले स्थानों पर चलने वाले काफी हाउस भी बुधवार को खोल दिए गए। काफी हाउस खोलने के पहले दिन राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और प्रधानमंत्री जीन कास्टेक्स एक काफी के टैरेस में बातचीत करते नजर आए। कई यूरोपीय देशों में खुले रेस्टोरेंट फिल्म अभिनेत्री इमैनुएल बेअर्ट सिनेमाघर गईं, जहां उनकी फिल्म लगी थी फ्रांस ही नहीं यूरोप में इटली, बेल्जियम, हंगरी व आस्ट्रिया में भी खुले स्थानों पर चलने वाले रेस्टोरेंट खोल दिए गए हैं। फ्रांस में अब भी रात 11 बजे से कर्फ्यू लगाने की योजना है। फ्रांस की चालीस फीसद वयस्क आबादी कम से कम एक डोज वैक्सीन लगवा चुकी है। यूरोपीय यूनियन (ईयू) ने गैर



यूरोपीय यात्रियों को भी अब छूट देना शुरू कर दिया है। पहले ये छूट वैक्सीन लगे यात्रियों को दी जा रही हैं। आस्ट्रिया में भी छह माह बाद होटलों को खोल दिया गया है। ग्राहकों के लिए अभी मास्क और शारीरिक दूरी की अनिवार्यता रहेगी। यहां इनडोर में डेढ़ हजार और आउटडोर में तीन हजार लोग कार्यक्रम में शामिल हो सकेंगे। बार, रेस्टोरेंट भी खुल गए हैं। अमेरिका के राज्यों में जहां कोरोना संक्रमण की स्थिति ज्यादा थी, वहां भी अब ढील दी जाने लगी है। न्यूयॉर्क ऐसा ही स्थान था, अब यहां भी रेस्टोरेंट, क्लब, स्टोर और जिम खोल दिए गए हैं। अभी यहां मास्क लगाए रहना होगा। नेपाल-यहां पर वेरिएंट बी.1.612.2 के मामले मिल रहे हैं। अब तक नेपाल में कोरोना के तीन वेरिएंट मिल चुके हैं। ब्राजील-हर रोज मरने वालों की संख्या ढाई हजार है। 24 घंटे में 75 हजार नए मामले सामने आए हैं। पाकिस्तान-चौबीस घंटे में कोरोना के 32 सौ नए मरीज मिले। 104 लोगों की मौत हुई। रूस में एक दिन में लगभग आठ हजार नए मरीज मिले हैं। 390 संक्रमितों की मौत हो गई। राजधानी मास्को सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्र है।

## क्विक अपडेट



### रेत से दिखता हर शव का कपड़ा कहता है, कि उसी रेत में सर दफनाए मोदी सिस्टम रहता है!

**नई दिल्ली ।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने गंगा में बहते शव को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। राहुल गांधी ने ट्वीट किया, गंगा मां की रेत से दिखता हर शव का कपड़ा कहता है, कि उसी रेत में सर दफनाए मोदी सिस्टम रहता है!

### आपत्तिजनक ट्वीट करने पर शरजील उस्मानी की बढ़ी मुसीबत



**मुंबई।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र नेता शरजील उस्मानी की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। महाराष्ट्र पुलिस ने उस्मानी ओर से कथित आपत्तिजनक ट्वीट करने पर उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस के एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि जालना के अम्बेड़ निवासी अंबादास अम्भोरे का आरोप है कि उस्मानी ने ट्विटर पर कुछ पोस्ट किए हैं, जिसमें भगवान राम के लिए अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया गया है, जिससे उसकी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची।

### जिस आईपीएस पर यौन उत्पीड़न का आरोप, उसे ही सौंप दी जिले की जिम्मेदारी

**गुवाहाटी।** हमारे का देश का सिस्टम ही अलग है। यहां जिस शख्स पर तमाम आरोप होते हैं, वह खुलेआम घूमता रहता है। वहीं, निर्दोष अक्सर अपनी जिंदगी सलाखों के पीछे बिता देते हैं। ऐसा ही एक मामला असम में सामने आया है। यहां उस आईपीएस अफसर को एक जिले का वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बना दिया गया, जिस पर 13 साल के नाबालिग का यौन उत्पीड़न करने का आरोप है। पहले यह अफसर गुवाहाटी में तैनात था।

### विवाहिता को तेजाब पिलाया

**सिकंद्राबाद।** थाना नीमगांव क्षेत्र के एक गांव में ससुराल पक्ष के लोगों ने विवाहिता को तेजाब पिला दिया। पीड़िता ने बताया कि दहेज की मांग को लेकर ससुराल वालों ने उसे जबरन तेजाब पिला दिया। पुलिस ने पति समेत छह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है, जबकि आरोपी घर में ताला लगाकर भागे हुए हैं।




# सावधान

# हवा में 10 मीटर आगे तक फैल सकता है कोरोना वायरस, सरकार ने भी माना

## संक्रमित व्यक्ति के सांस छोड़ने, बोलने, गाने, हंसने, खांसने और छींकने से वायरस



**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस हवा से भी फैल सकता है। अब सरकार ने भी पूरी तरह से यह मान लिया है। सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार कार्यालय के मुताबिक, एयरोसोल और ड्रॉपलेट्स कोरोना वायरस के फैलने के प्रमुख कारण हैं। कोरोना से संक्रमित व्यक्ति के ड्रॉपलेट्स हवा में दो मीटर तक जा सकते हैं, जबकि एयरोसोल उन ड्रॉपलेट्स को 10 मीटर तक आगे बढ़ा सकता है और संक्रमण का खतरा पैदा कर सकता है। यहां तक कि एक संक्रमित व्यक्ति जिसमें कोई लक्षण नहीं दिख रहे हैं, वह वायरल लोड बनाने लायक पर्याप्त ड्रॉपलेट्स छोड़ सकता है जो कई अन्य लोगों को संक्रमित कर सकता है। इसका मतलब साफ है कि अब कोरोना से बचने के लिए 10 मीटर की दूरी भी काफी नहीं है। वैज्ञानिक सलाहकार कार्यालय के मुताबिक, संक्रमित व्यक्ति के सांस छोड़ने, बोलने, गाने, हंसने, खांसने और छींकने से लार और नाक से निकलने वाले स्राव में वायरस निकलता है, जो दूसरों को भी संक्रमित कर सकता है। इसलिए संक्रमण के इस चेन को तोड़ने के लिए कोविड एप्रोप्रियेट बिहेवियर का पालन करना बहुत ही जरूरी है। मास्क पहनें, सुरक्षित शारीरिक दूरी बनाएं और हाथ धोते रहें।

### जानलेवा हैप्पी हाइपोक्सिया

देश में कोरोना वायरस की वजह से मौतों का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। इस बीच कोरोना संक्रमितों के लिए हैप्पी हाइपोक्सिया भी जानलेवा बन गया है। विशेषज्ञ बताते हैं कि इसकी वजह से बड़ी संख्या में लोगों की मौत हो रही है। हाल ही में मीडिया से बातचीत में गोरखपुर स्थित बीआरडी मेडिकल कॉलेज में कोविड वार्ड के इंचार्ज डॉ. राजकिशोर सिंह ने बताया कि हैप्पी हाइपोक्सिया के मरीजों को बुखार और खांसी की कोई शिकायतें नहीं हैं, लेकिन अचानक उनकी सांस फूलने लगती है और ऑक्सीजन लेवल कम हो जाता जिस वजह से उनकी स्थिति गंभीर हो जाती है और मौत भी हो जाती है।

**एयरोसोल और ड्रॉपलेट्स कोरोना वायरस के फैलने के प्रमुख कारण हैं। अब सरकार भी इसे लेकर गंभीर हो गई है।**

**संक्रमित व्यक्ति के ड्रॉपलेट्स हवा में दो मीटर तक जा सकते हैं, जबकि एयरोसोल उन ड्रॉपलेट्स को 10 मीटर तक आगे बढ़ा सकता है।**



## 37 शव बरामद, 38 लोगों की तलाश

**मुंबई।** चक्रवाती तूफान 'ताऊ ते' कारण मुंबई के पास समुद्र में फंसे जहाज (बार्ज- पी305) में सवार लोगों में से अभी तक 37 लोगों के शव बरामद कर लिए गए हैं, वहीं बचान दल को अभी भी 38 लोगों की तलाश है। गुरुवार देर रात 11 नाविकों के शव मुंबई के तट पर लाए गए। तूफान आने के चार दिन बाद भी आज नौसेना का रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है। 55 घंटे के बाद भी नेवी के बचाव दल को 38 लोगों की तलाश है, जिनके बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं मिली है।

### अम्फान जैसी तबाही ला सकता है चक्रवात यास

चक्रवात ताउते ने महाराष्ट्र और गुजरात में भारी तबाही मचाई। तटीय राज्य इससे उबर भी न पाए थे कि एक और चक्रवात यास का खतरा मंडरा रहा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि चक्रवात यास के 26-27 मई को पूर्वी तट पर पहुंचने का अनुमान है। यह चक्रवात अम्फान से भी ज्यादा तबाही मचा सकता है। पश्चिम बंगाल सरकार और ओडिशा सरकार ने इससे निपटने की तैयारी शुरू कर दी है।

## जीवन बचाने के साथ-साथ जीवन को आसान बनाए रखना भी जरूरी-पीएम मोदी




**नई दिल्ली।** देशभर में कोरोना के हालात पर विचार के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर उच्चस्तरीय बैठक कर रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि गांवों पर सबसे ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। संक्रमण से हर हाल में गांवों को बचा कर रखना है। उन्होंने कहा कि प्रशासन की मौजूदगी से ग्रामीणों का मन बदलता है। लोगों के अंदर साहस आता है। कई सामाजिक संगठन भी इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं। इस दौरान जिलाअधिकारियों की जिम्मेदारी बढ़ गई है। पीएम मोदी ने अपने संदेश में कहा कि देश में एक्टिव केस कम जरूर हुए, लेकिन चिंता कम नहीं हुई है। यह संक्रमण लगातार अपने स्वरूप बदल रहे हैं, महामारी से निपटने में निरंतर बदलाव जरूरी है। जिलों की चुनौतियां बहुत है, इसलिए समाधान भी उसी तरह के होने चाहिए। जिलाधिकारियों से संवाद करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि इस संकट में जीवन बचाने के साथ साथ जीवन को आसान बनाए रखना भी जरूरी है। गरीबों को मदद मिलती रहनी चाहिए। साथ ही दवाओं और उपकरणों की कालाबाजारी पर रोक लगे। 100 साल के इतिहास में ऐसी महामारी नहीं आई थी, लेकिन मुझे भरोसा है आप सभी जिलाधिकारियों पर कि ठोस रणनीति और अच्छी प्लानिग के जरिए आप संक्रमण पर विजय पाएंगे।

## नकली इंजेक्शन मामले से पुलिस की बढ़ी साख

**जबलपुर, यशभारत।** कोरोना संक्रमण की शुरुआत में जबलपुर पहुंचे एसपी सिद्धार्थ बहुगुणा ने सोचा भी नहीं था कि उन्हें लगातार इतनी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। नकली रेमडेसिविर इंजेक्शन की जानकारी सामने के बाद सिटी अस्पताल का मामला कहां जाकर ठहरेगा इस पर सवाल खड़े हो गए थे और पुलिस की भूमिका महत्वपूर्ण हो गयी थी परंतु पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा के दृढ़ निश्चय ने मामले को अंजाम तक पहुंचाने की ओर बढ़ चुका है। पूछताछ में तरह तरह की चर्चाएं व्याप्त थीं। परतें खुलतीं गयीं, आरोपी बंधते गए,प्रकरण में साक्ष्य मिलते गए। इसमें एसपी श्री बहुगुणा की भूमिका महत्वपूर्ण है। जबलपुर के लोगों को अब विश्वास हो चला है कि पुलिस मामले को अंजाम तक पहुंचाकर ही रहेगी। उल्लेखनीय है कि मामले में नगर के विधायक भी पुलिस पर जवाबदारी की बात कहते दिखे। अब पुलिस अधीक्षक श्री बहुगुणा के मार्गदर्शन में जिस तरह से मामलों को सुलझाया जा रहा है उससे संस्कारधानी के नागरिकों का पुलिस पर विश्वास गया है।



**मैं हूं ना, वाक्य ने संस्कारधानीवासियों और पुलिस जवानों में भरी सकारात्मक उर्जा**

### मातहतों का बढ़ाया हौसला

कोरोना काल में पुलिस अधीक्षक श्री बहुगुणा ने शहर से लेकर गांव तक घूम-घूमकर ना केवल नागरिकों को इस महामारी से बचाव के लिए जागरूक किया,बल्कि सभी थानों और चौकियों तथा प्वाइंटों में जाकर वहां तैनातअधिकारियों कर्मचारियों की पीठ भी थपथपाई। चौबीस घंटे ड्यूटी पर डटे रहनेवाले उनके जवान संक्रमण काल में जिस तरह से लोगों की जान बचाने केसाथ-साथ कर्तव्यपरायण के लिये अपनी जान को भी दांव पर लगा रहे थे जिससेवे भी काफी दबाव महसूस कर रहे थे। लेकिन इस दबाव को श्री बहुगुणा नेजवानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खत्म किया, जिससे खाकी ने पूरी उर्जाव सकारात्कता के साथ लोगों मोर्चासंभालकर लोगों को संक्रमित होने से बचाया।

## ब्लैक फंगस की जांच और इलाज में भी इंदौर को नेतृत्व करना चाहिए- शिवराज



**इंदौर।** सीएम शिवराज सिंह चौहान गुरुवार को कोरोना की स्थिति की समीक्षा के लिए इंदौर पहुंचे है। वे एयरपोर्ट से सीधे कलेक्टर कार्यालय पहुंचे, जहां आपदा प्रबंधन समूह में शामिल जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ वे बैठक ले रहे है। सीएम ने बैठक में कहा कि कोरोना की दवाइयों के भी साइड इफेक्ट होते ही हैं। ब्लैक फंगस की जांच बहुत आसान होती है, इसमें नेचर इंडोस्कोपी होती है। छोटा सा उपकरण आता है, इसकी व्यवस्था शासकीय और निजी दोनों अस्पतालों में हो सकती है। ब्लैक फंगस की जांच और इलाज में भी इंदौर को नेतृत्व करना चाहिए। सीएम शिवराज इंदौर संभाग के विकासखंड और ग्राम स्तरीय क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप को भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए संबोधित करेंगे। उन्होंने इंदौर आने से पहले ही अधिकारियों को और जनप्रतिनिधियों से ट्वीट कर अनुरोध किया था कि वे एयरपोर्ट पर न आएं, हम लोग निर्धारित बैठकों में मिलकर चर्चा करेंगे। उन्होंने अधिकारियों के लिए यह भी लिखा कि आप प्रोटोकाल को लेकर न उलझें। इस समय संक्रमण को रोकना हम सबके लिए सबसे महत्वपूर्ण है। अतः कोविड प्रोटोकाल का पालन करें।

### 2110 मरीज अस्पताल से डिस्चार्ज

इंदौर में बुधवार को कोरोना 10156 संदिग्ध मरीजों के सैंपल जांचे गए जिसमें से 1072 मरीज पाजिटिव आए। बुधवार देर रात जारी बुलेटिन के मुताबिक अब तक 1365705 सैंपलों की जांच की जा चुकी हैं इनमें से 142672 पाजिटिव पाए गए। बुधवार को 2110 मरीज अस्पताल से डिस्चार्ज किए गए। अब तक स्वस्थ होकर घर जाने वालों की संख्या 130003 हो चुकी है। फिलहाल 11383 कोरोना पाजिटिव मरीजों का इलाज चल रहा है। बुधवार को संक्रमण से 5 व्यक्तियों की मौत हुई।

# केस बढ़े, लेकिन मौत की संख्या घटी

**नई दिल्ली।** देशभर में कोरोना महामारी का प्रकोप अब भी जारी है। भारत में एक दिन में कोविड-19 के 2,76,110 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 2,57,72,440 हो गई। वहीं, संक्रमण से 3,874 और लोगों की मौत के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 2,87,122 हो गई। देश में चार दिन बाद 24 घंटे में संक्रमण से मौत के चार हजार से कम मामले सामने आए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बृहस्पतिवार (20 मई) को सुबह आठ बजे जारी किए गए अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में संक्रमण के उपचाराधीन मरीजों की संख्या में भी कमी आई है और अभी कोरोना वायरस से संक्रमित 31,29,878 लोगों का इलाज चल रहा है, जो कुल मामलों का 12.14 प्रतिशत है।



### दो लाख से अधिक लोग संक्रमण मुक्त

आंकड़ों के अनुसार, देश में अभी तक कुल 2,23,55,440 लोग संक्रमण मुक्त हुए हैं और मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 86.74 प्रतिशत है। वहीं, कोविड-19 से मृत्यु दर 1.11 प्रतिशत है। देश में पिछले साल सात अगस्त में संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त को 30 लाख और पांच सितंबर को 40 लाख से अधिक हो गई थी। वहीं, संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर को 50 लाख, 28 सितंबर को 60 लाख, 11 अक्टूबर को 70 लाख, 29 अक्टूबर को 80 लाख, 20 नवंबर को 90 लाख के पार गए। वहीं, 19 दिसंबर को ये मामले एक करोड़ के पार और चार मई को दो करोड़ के पार चले गए।

## कमलनाथ ने बुलाई विधायकों की बैठक



**भोपाल।** कांग्रेस नेता उमंग सिंगार पर आत्महत्या के लिए दुश प्रेरित करने की का मामला गरमा का जा रहा हैं। दरअसल, बीते दिनों उमंग सिंघार के बंगले में एक महिला मित्र सोनिया भारद्वाज ने आत्महत्या कर ली। महिला ने सुसाइड नोट छोड़ा है, जिसमें उमंग सिंघार का नाम लिखा हैं। महिला ने सुसाइड नोट में परेशान होकर आत्महत्या करने की बात कही हैं। पुलिस इस मामले में साफ तौर पर कह रही है कि उसके पास पर्याप्त साक्ष्य सबूत हैं वहीं मृतका के बेटे का कहना है कि उमंग को गलत फंसाया जा रहा है और वे उसके लोकल गार्जियन की तरह है लिहाजा केस वापस होना चाहिए। इसी बीच कांग्रेस पार्टी अब पूरी तरह से उमंग सिंघार के समर्थन में उतार आई हैं इस मामले को लेकर आज पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के श्यामला हिल्स स्थित आवास पर दोपहर 12 बजे बैठक बुलाई गई जिसमें कांग्रेस के लगभग 30 विधायक इकट्ठे थे जिनमें ज्यादातर आदिवासी विधायक हैं और यह सब मिलकर उमंग के पक्ष में क्या किया जा सकता है इस बारे में रणनीति बनाएंगे।

# 26 मई को साल का पहला चंद्रग्रहण भारत के कुछ हिस्से में दिखाईदेगा

**वेब डेस्क।** साल 2021 का पहला ग्रहण चंद्रग्रहण होगा। साल का पहला चंद्रग्रहण वैशाख पूर्णिमा यानी 26 मई को लगने जा रहा है। यह पूर्ण चंद्रग्रहण होगा, जो दुनिया भर के कई देशों में दिखाई देगा। आइए बताते हैं कि भारत में कब और कहां दिखाई देगा चंद्रग्रहण... चंद्रग्रहण 26 मई, 2021 दिन बुधवार को वृश्चिक राशि और अनुराधा नक्षत्र में लगेगा। चंद्रमा पर आंशिक ग्रहण दोपहर में करीब सवा तीन बजे शुरू होगा और शाम को 7 बजकर 19 मिनट तक रहेगा।

पूरब में 26 मई की शाम आसमान पर पूर्ण चंद्रग्रहण के ठीक बाद एक दुर्लभ विशाल व सुर्ख चंद्रमा (सुपर ब्लड मून) नजर आएगा। एम पी बिरला तारामंडल के निदेशक एवं प्रख्यात खगोल वैज्ञानिक देबीप्रसाद दुआरी ने बुधवार को बताया कि कोलकाता में आखिरी पूर्ण चंद्रग्रहण 10 साल पहले, 10 दिसंबर 2011 को दिखा था। दुआरी ने कहा कि 26 मई की रात को, सूर्य, धरती और चंद्रमा इस तरह से एक सीध में होंगे कि धरती से यह पूर्ण चंद्रमा के रूप में नजर आएगा और कुछ समय के लिए इसपर ग्रहण भी लगा होगा। चंद्रमा धरती के आस-पास चक्कर लगाता हुआ कुछ पल के लिए धरती की छाया से गुजरेगा और पूरी तरह से इसपर ग्रहण लग जाएगा। पूर्वी एशिया, प्रशांत महासागर, उत्तरी व दक्षिण अमेरिका के ज्यादातर हिस्सों और ऑस्ट्रेलिया से पूर्ण चंद्रग्रहण दिखाई देगा। भारत के अधिकांश हिस्सों में पूर्ण ग्रहण के दौरान चंद्रमा पूर्वी क्षितिज से नीचे होगा और इसलिए देश के लोग पूर्ण चंद्रग्रहण नहीं देख पाएंगे। लेकिन पूर्वी भारत के कुछ हिस्सों के लोग आंशिक चंद्र ग्रहण का आखिरी हिस्सा ही देख पाएंगे, वह भी पूर्वी आसमान से बहुत करीब, जब चंद्रमा निकल ही रहा होगा। उन्होंने कहा कि उस शाम कोलकाता में चंद्रमा शाम सवा छह बजे निकलेगा और दिलचस्पी रखने वाले लोगों को आंशिक चंद्रग्रहण की कुछ मिनट तक झलक मिलेगी जो छह बजकर 22 मिनट पर समाप्त हो जाएगा। दिल्ली, मुंबई और चेन्नई के लोग ग्रहण नहीं देख पाएंगे



## मास्क नहीं लगाया तो पुलिसवालों ने महिला को लात-घूंसों से पीटा, बाल पकड़ सड़क पर घसीटा



**सागर।** मध्यप्रदेश के सागर जिले का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें मास्क न लगाने पर पुलिस ने बेरहमी की इंतहा कर दी। उन्होंने महिला को पहले लात-घूंसों से पीटा। साथ ही, उसे खींचकर गाड़ी में डालने की कोशिश भी की। जानकारी के मुताबिक, सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा वीडियो मध्यप्रदेश के सागर जिले का बताया जा रहा है। यहां गांधी चौक के पास बुधवार (19 मई) को एक महिला अपनी बेटी के साथ सामान खरीदने बाजार जा रही थी। महिला ने मास्क नहीं लगा रखा था, जबकि बेटी ने दुपट्टे से मुंह ढंका हुआ था। रास्ते में पुलिसवालों ने महिला को रोक लिया और बदसलूकी करने लगे।

# धनवंतरी नगर में पुलिस कर्मियों से मारपीट

**जबलपुर। संजीवनी नगर के धनवंतरी नगर पुलिस चौकी क्षेत्रातंर्गत बीती रात एफआरव्ही वाहन के चालक और पुलिस आरक्षक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि उक्त 100 डायल किसी अनैतिक कार्य होने की सूचना पर मौके पर पहुंची थी, जहां हुए बाद विवाद के बाद मारपीट शुरु हो गई।**

जिसके बाद आसपास के कुछ युवकों ने पुलिस कर्मियों का पक्ष लेते बीच बचाव करना चाहा, जिनके साथ भी मारपीट की गई। पुलिस का कहना है कि लॉकडाउन के दौरान की गई पूछताछ के दौरान वहां मौजूद लोगों ने मारपीट शुरु कर दी। जिनके खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया गया है।

प्राप्त जानकारी एफआरव्ही का चालक निरंजन मिश्रा व आरक्षक जयराज चौहान किसी सूचना पर धनवंतरी नगर के परसवाड़ा शांति नगर क्षेत्र पहुंचे थे। जहां पर विकास शुक्ला, राजमणि शुक्ला, अमन, विनय व एक महिला के खड़े होने पर उनसे पूछताछ की गई, जिस पर कहां सुनी शुरु हो गई और वहां मौजूद उक्त लोगों ने मारपीट शुरु कर दी, जिसके बाद आसपास के कुछ लोग पहुंचे बीच बचाव किया तो उनके साथ मारपीट की गई। जिसके बाद मामले की सूचना सेट पर चलते ही भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा, जिससे पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया और वहीं आरोपियों की घेराबंदी कर उन्हें धर दबोचा गया। जिसमें चार पुरुष सहित एक महिला आरोपी शामिल है।

**इनका कहना है**

एफआरव्ही वाहन के चालक और आरक्षक द्वारा लॉकडाउन में बेवजह घरो से निकलने पर की जा रहीं पूछताछ के दौरान चार-पांच लोग, जिनमें एक महिला भी शामिल है, अभद्रता करते हुए झूमाझटकी गई थी। जिनके खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है।

**भूवनेश्वरी चौहान, टीआई संजीवनी नगर**





## शहपुरा थाने में अभिनव प्रयोग को एसपी ने सराहा

# कुकर से भाप लेने का सिस्टम सभी थानों में लगेगा

**जबलपुर, यशभारत।** वैश्विक महामारी कोविड-19 की गाईड लाईन का फ्रंट लाईन मे रहकर कडाई से पालन कराने हेतु कर्तव्य का निर्वहन कर रहे पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों का मनोबल बढाने हेतु पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा थाना पाटन, शहपुरा, चरगवॉ होते हुये थाना तिलवारा पहुंचे ।उन्होंने शहपुरा थाना परिसर में अधिकारी/कर्मचारियों के लिये कुकर का उपयोग करते हुये भाप लेने के लिए बनाए गए सिस्टम की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रयोग सभी थानों में किया जाएगा। थाने में पदस्थ अधिकारियों/कर्मचारियों से चर्चा करते हुये उनके एवं उनके परिवार के स्वास्थ के सम्बंध में जाना तथा कहा कि आप सभी बहुत ही अच्छी ड्यूटी कर रहे हैं, ये लडाई लंबी है, आप सभी को पुलिस लाईन जबलपुर से एन-95 मास्क, फेस शील्ड, प्रदाय किये गये है। ड्यूटी के दौरान एन-95 मास्क, फेस शील्ड, अनिवार्य रूप से लगायें, सामाजिक दूरी बनाकर रखे, हर आधा-एक घंटे में सैनेटाईजर का उपयोग करें एवं साबुन से हाथ धोयें। गर्म पानी का गरारा करें एवं गर्म पानी पियें तथा भाप लें, जब भी घर जायें, पहने हुये कपडों को बाहर ही उतार दें, एवं साबुन पानी मे भिगो दें तथा साबुन पानी से नहाने के बाद ही घर में प्रवेश करें। थाना प्रभारी शहपुरा द्वारा थाना परिसर में अधिकारी/कर्मचारियों के लिये कुकर का उपयोग करते हुये भाप लेने के सिस्टम ब की सराहना करते हुये आपने थाना प्रभारी शहपुरा को नगद 500 रुपए के पुरुस्कार से पुरूस्कृत करने की घोषणा की और कहा कि यह एक अच्छा प्रयास है, सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित कर थानों में लगवाया जायेगा।

### होम आईसलोशन के मरीजों से भी चर्चा

एसपी ने थाना पाटन एवं थाना शहपुरा के माईक्रो कन्टेनमेंट जोन का भ्रमण करते हुये पाटन के माईक्रो कन्टेनमेंट जोन निवासी शंकर पटेल, एवं शहपुरा भिटौनी के माईक्रो कन्टेनमेंट जोन बरमबाबा मोहल्ला निवासी फकीरालाल सिंह एवं श्रीमति अनुराधा सिंह जो कि घर पर ही कोरेन्टाईन है से चर्चा करते हुये उनके स्वास्थ का हालचाल जाना इसके साथ ही थाना चरगवॉ स्थित ग्राम बिजौरी के माईक्रो कन्टेनमेंट जोन के निवासियों को कोविड 19 की गाईड लाईन से अवगत कराते हुये बताया कि यह माईक्रो कन्टेनमेंट जोन आपकी भलाई के लिये बनाया गया है ताकि कोरोना वायरस का संक्रमंण और न फैंले, तथा सभी से घरों में ही रहने, मास्क पहनने, एवं सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने हेतु अनुरोध किया।

### जब सड़क में खड़े होकर की पूछताछ

इसके साथ ही भ्रमण के दौरान आपने थाना क्षेत्र में लगाये गये चैकिंग प्वाईटों पर रूककर गुजर रहे लोगों से आने जाने का कारण भी पूछा तथा भ्रमण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शिवेश सिंह बघेल, एस.डी.ओ.पी. पाटन देवी सिंह, नगर पुलिस अधीक्षक बरगी रवि चैहान, थाना प्रभारी पाटन आसिफ इकबाल, थाना प्रभारी शहपुरा प्रियंका केवट, एवं थाना प्रभारी चरगवॉ रीतेश पाण्डे, थाना प्रभारी तिलवारा गणेश तोमर सहित अन्य मौजूद थे।

# हताश कलाकारों को मदद से मिला संबल

**जबलपुर।** युवा कलाकार संघ के सदस्य सीमांत सिंह सोलंकी का कहना है कि लॉकडाउन के चलते पूरे देश का कारोबार ठप पड़ा हुआ है और लोगों का काम-धंधा पूण रूप से बंद है। लॉकडाउन की सबसे बड़ी मार तो कलाकारों पर पड़ी है। शादी समारोह एवं मनोरंजन के कार्यक्रम पूण रूप से बंद होने के कारण कलाकार हताश हो चुके है, कई कलाकार परिवारों पर तो भोजन एंव राशन के लोए आपदा आन पड़ी है और सरकारी स्तर पर कलाकारों को किसी भी प्रकार से मदद ना मिलने के कारण कलाकार परेशान हैं। ऐसे में सीमांत सिंह सोलंकी एवं अखिलेश कुमार जी के निरंतर अथक प्रयास द्वारा बी.जे.पी. (विधायक) सुशील तिवारी (इन्दु तिवारी) के सहयोग से आज कुछ कलाकार भाइयों को राशन सामग्री जिसमे 15किलो गेहूं एवं 6किलो चावल वितरण कराया गया। सीमांत सिंह सोलंकी अखिलेश कुमार एवं युवा कलाकार संघ के सभी सदस्यों ने विधायक श्री तिवारी का आभार जताया।

# अब जोरदार बारिश व हवा से राहत मिलगी

जबलपुर,यशभारत। ताउते तूफान के गुजार जाने के बाद भी उसका असर देखने को मिल रहा है। जिसके कारण दोपहर बाद से ही तेज हवाओं के साथ भारी बारिश हो रही है। जिससे दिन और रात के तापमान में आठ डिसे तक कमी आई है। मोसम विभाग के स्थानीय सेंटर से मिली जानकारी के अनुसार एक लो प्रेशर पूर्वी राजस्थान से लेकर पश्चिमी मप्र तक बना है। जो अब धीरे धीरे कमजोर पड़ रहा है जिससे अब जोरदार बारिश व हवा से राहत मिलने का अनुमान है। मई महीने की आज 20 तारीख हो गई है पर गर्मी ने अपने तीखे तेवर दिखाना शुरू नहीं किया है। बीते पांच सालों के मुकाबले इस बार का मई महिने में 41 डिसे

### केवल 6 मई को ही क्रास कियाथा इस दिन परा

41.1 डिग्री था। मौसम विभाग की माने तो तेज और तीखी गर्मी का असर इस साल कम रहने की संभावनाएं हैं। पिछले दिनों जो बारिश हुई थी, उसकी वजह से अभी कुछ दिनों तक तापमान में उतार चढ़ाव की स्थिति बनी रहेगी। यानी नौतपा के दौरान भी ज्यादा गर्मी नहीं होगी।



मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार बीते दो साल के मुकाबले इस बार अप्रैल-मई महीने में गर्मी अपना असर नहीं दिखा पाई है। पिछले महीने अप्रैल का पारा जहां 41 डिग्री को क्रास नहीं कर पाया। वहीं आधा मई से ज्यादा गुजर गया है, इसके बावजूद भी मई ज्यादा नहीं तपा। विशेषज्ञ इसके पीछे का कारण पश्चिमी विक्षोभ, ताऊ-ते तूफान और नमी के बढ़ाना बता रहे हैं। मौसम विभाग का यह भी दावा है कि इस बार मई के महीने में शुरू होने वाले नौतपा के दौरान पारा ज्यादा नहीं चढ़ पाएगा। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 26 मई को बंगाल की खाड़ी में एक लो प्रेशर बनने के संकेत तिल रहे हैं जो वक्रवात में बदल जाएगा और उड़ीसा तथा पश्चिम बंगाल के तट से टकाएगा। बुधवार कोअधिकतम पारा 34.1 सामान्य से 8 डिसे कम और न्यूनतम पारा 25 डिग्री सामान्य से दो डिसे कम दर्ज किया गया।सुबह की आद्रता 69प्रतिशत रही। हवा का रुख दक्षिण पश्चिम दो से तीन किलोमीटर प्रतिघंटा था।

## राज्यसभा सदस्य तन्खा ने मंडला, कोतमा व अनूपपुर में दिए आक्सीजन कंसंट्रेटर

**जबलपुर,** । राज्यसभा सदस्य विवेक कृष्ण तन्खा ने मंडला में बनाए जा रहे कोविड-19 केयर सेंटर के लिए 10 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर प्रदान किए हैं। इसी तरह पांच लाख 20 हजार रुपये की राशि सांसद निधि से मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी,



अनूपपुर को बालम आश्रम कोतमा में संचालित हो रहे कोविड-19 केयर सेंटर के लिए प्रदान किए हैं। इतनी ही राशि सामुदायिक केंद्र, पुष्पराजगढ़, जिला अनूपपुर को भी दी गई है। श्री तन्खा अब तक 52 लाख रुपये कोविड महामारी की रोकथाम के लिए उपकरणों की खरीदी के संदर्भ में प्रदान कर चुके हैं।

# अवैध शराब बेचने का विरोध करना पड़ा महंगा, मार दी चाकू

**जबलपुर।** रांझी थाना क्षेत्रातंर्गत सुभाषनगर में एक युवक ने मोहल्ले वालों के साथ मिलकर एक तत्व को क्षेत्र में अवैध शराब बेचने से मना किया। जिससे नाराज आरोपी ने रात में अपने साथियों के साथ मिलकर युवक को घेर लिया और मारपीट शुरु कर दी। आरोपियों ने युवक पर चाकू से दनादन वार किये, जिससे उसके दोनों हाथों व पीठ में करीब तीन से चार गहरे घाव लगे है। जिसे गंभीरावस्था में उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिये है।पुलिस ने बताया कि सुभाषनगर ओंघडनाथ शिव मंदिर के समीप निवासी 26 वर्षीय घायल केशव उर्फ कोमल चक्रवती ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि



रीत ठाकुर मोहल्ले में अवैध शराब बेचता है। बीती रात उसने व मोहल्ले के अन्य लोगों ने रीत से अवैध शराब बेचने से मना किया था। इसी बात को लेकर रात्रि करीब 10.30 बजे रीत ठाकुर ने अपने साथी सुजीत सिंह ठाकुर व रितिक ठाकुर के साथ मिलकर उसे रोका और गालीगलौज करते हुए रीत ने उसे पकड़ लिया। जिसके बाद सुजीत व रितिक ने उस पर चाकूओं से हमला कर दिया। जिससे उसकी पीठ व हाथ पैर में चोटे आ गई। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिये है।

# टेस्टिंग जितनी अधिक होगी उतनी जल्दी कोरोना को परास्त करेंगे -डायरेक्टर आईसीएमआर

**जबलपुर।** कोविड-19 से लड़ाई में 3ञ्ज टेस्टिंग, ट्रैकिंग ट्रेसिंग यह तीन हथियार हैं जिनमें से टेस्टिंग जितनी अधिक से अधिक हम कर सकेंगे हम उतनी जल्दी कोरोना को परास्त करेंगे। रोटरी क्लब जबलपुर साउथ द्वारा आरएनए एक्सट्रैक्शन मशीन हमें दी गई है उसका समय बहुत महत्वपूर्ण है। आज हमारी लैब में इस मशीन के आ जाने से हम ना सिर्फ जबलपुर बल्कि आसपास के जिलों की जनता की सेवा भी दुगनी गति से कर सकेंगे तथा इससे हमारी टेस्टिंग क्षमता भी बढ़ जाएगी एवं परिणाम भी हम निर्धारित समय सीमा में दे सकेंगे। महत्वपूर्ण बात यह है कि यह मशीन सिर्फ कोविड-19 के वायरस से ही आरएनए एक्सट्रैक्ट नहीं करेगी बल्कि आने वाले अनेक वर्षों तक यह अन्य कोई भी वायरस से लड़ने में सबसे महत्वपूर्ण हथियार होगी।ञ्ज उपरोक्त आशय के उद्गार आज रोटरी क्लब जबलपुर साउथ द्वारा दी गई आरएनए एक्सट्रैक्शन मशीन इंस्टॉल होने पर आईसीएमआर डायरेक्टर डॉ





अपरूप दास ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि हमारे पास अभी 32 सैंपल डिटेक्ट करने वाली ही मशीन है तथा आज के समय की फुली ऑटोमेटिक एवं सर्वाधिक 96 सैंपल का परिणाम देने वाली यह मशीन समय की बचत भी करेगी साथ ही परिणाम भी वास्तविक होंगे। बेंगलुरु से कंपनी इंजीनियर के द्वारा ऑनलाइन इंस्टॉलेशन किए जाने के साथ ही यह मशीन ऑपरेटिव मोड में आ गई जिससे लैब में उपस्थित सभी वैज्ञानिकों में खुशी की लहर दौड़ गई। विदित है की आईसीएमआर देश में कोविड-19 से लड़ाई में नेतृत्व कर रहा है साथ ही अनुसंधान का अग्रणी संस्थान है। मशीन इंस्टॉलेशन में रोटरी क्लब जबलपुर साउथ पूर्वाध्यक्ष एवं प्रोजेक्ट प्रमुख अखिल मिश्र, क्लब सचिव रवि वैश्य, वरिष्ठ साइंटिस्ट डॉ तापस चकमा, डॉ पुष्पेंद्र सिंह, डॉ विधान जैन एवं प्रशासनिक अधिकारी ज्ञानचंद जैन उपस्थित थे। डॉ प्रदीप बर्डे का सहयोग उल्लेखनीय रहा।

## गांधी वार्ड सिंधी धर्मशाला में सहायता केन्द्र की स्थापना

जबलपुर। नगर निगम द्वारा संभाग क्रमांक 6 के अंतर्गत राजीव गांधी वार्ड सिंधी धर्मशाला में सहायता केन्द्र की स्थापना की गई है। इस केन्द्र की स्थापना के लिए जिला प्रशासन एवं निगम प्रशासन से समन्वय बनाकर राजीव गांधी वार्ड के पूर्व पार्षद एवं पूर्व एम.आई.सी. सदस्य श्री श्रीराम शुक्ला ने पहल की, जिसके फलस्वरूप केन्द्र की स्थापना हुई है जहॉ पर दवाई वितरण के साथ साथ रेपिड टेस्ट की सुविधा भी उपलब्ध है। इस संबंध में संभाग क्रमांक 06 के संभागीय अधिकारी श्री सत्येन्द्र चक्रवर्ती ने बताया कि इस सहायता केन्द्र में मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर दवाई आदि का वितरण एवं रेपिड टेस्ट किया जाता है इस सहायता केन्द्र में नागरिकों की सहायता हेतु सहायता केन्द्र बनाया गया है। इस केन्द्र के सदस्य घर-घर जाकर नागरिकों को सहायता केन्द्र पहुँचकर लाभ लेने के लिए प्रेरित कर जनजागरण कर रहे हैं। आज सहायता केन्द्र समिति की बैठक पूर्व पार्षद श्री श्रीराम शुक्ला की अध्यक्षत में सम्पन्न हुई। बैठक में संभागीय अधिकारी सत्येन्द्र चक्रवर्ती, समिति सदस्य श्री अर्जुन दास वलेचा, पवन गुप्ता, रविमोहन संतोषी, भावेश पाण्डे, विजय यादव, पवन जैन एवं डॉ. मुकेश जैन आशा कार्यकर्ता श्रीमती सीमा जायसवाल एवं श्रीमती नीलम गुप्ता उपस्थित थे।





## पमरे से गुजरी 50 ऑक्सीजन एक्सप्रेस

# जीवनदायिनी ने किया अर्धशतक पूर्ण

**जबलपुर यश भारत।** भारतीय रेलवे द्वारा देश भर के विभिन्न राज्यों में ऑक्सीजन एक्सप्रेस ट्रेनों को चलाने के प्रयासों को गति देते हुए कोविड के खिलाफ सयुंक्त जंग को मजबूती प्रदान करने तथा कोविड मरीजों को राहत प्रदान के लिए जीवन रक्षक के रूप में तरल चिकित्सा ऑक्सीजन के परिवहन के लिए लगातार ऑक्सीजन एक्सप्रेस ट्रेन के सफर को जारी रखे हुए है। इसे रोल ऑन रोल ऑफ सेवा के तहत ऑक्सीजन टैंकरों को ट्रक के माध्यम से जल्द से जल्द उनके गंतव्य स्टेशन तक पहुंचाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत देश भर के राज्यों को जहां ऑक्सीजन टैंक सीधे ऑक्सीजन आपूर्तिकर्ता फैक्ट्री से कम से कम समय में अपने गंतव्य को पहुंच रहे हैं। भारतीय रेलवे द्वारा इस अभियान के अंतर्गत अब तक 196 ऑक्सीजन एक्सप्रेस से देश के विभिन्न राज्यों में 727 टैंकरों में लगभग 11800 मीट्रिक टन चिकित्सा उपयोगी हेतु मेडिकल ऑक्सीजन की आपूर्ति कर चुकी है।

### मध्य प्रदेश के लिए अब तक 521 मीट्रिक टन ऑक्सीजन आपूर्ति की गई

### प्रदेश में 15 वी ऑक्सीजन एक्सप्रेस पहुंची

मध्य प्रदेश के लिए 15वीं ऑक्सीजन एक्सप्रेस को तरल चिकित्सा ऑक्सीजन से भरे 02 टैंकरों के साथ रोल ऑन-रोल ऑफ सेवा 19 मई 2021 को दोपहर 13¬55 बजे बोकारो से रवाना हुई और 20 मई 2021 को समय 10¬15 बजे सागर (मकरोनिया) पहुंची। इस ऑक्सीजन एक्सप्रेस के 02 टैंकरों में 22.88 मीट्रिक टन तरल चिकित्सा ऑक्सीजन भरी है। ऑक्सीजन एक्सप्रेस से 02 टैंकर तरल चिकित्सा ऑक्सीजन मकरोनिया (सागर) में अनलोड किये गए। यह ऑक्सीजन एक्सप्रेस बोकारो से कोटशिला, झारसुगुड़ा, बिलासपुर, नई कटनी जंक्शन होते हुए सागर के मकरोनिया स्टेशन पहुंची। भारतीय रेल द्वारा मध्य प्रदेश में कुल 15 ऑक्सीजन एक्सप्रेस पहुंचाई जा चुकी हैं जिनसे 46 टैंकरों में कुल 520.65 मीट्रिक टन तरल चिकित्सा ऑक्सीजन की पूर्ति की गई है भारतीय रेलवे द्वारा अब तक 50 से अधिक (लगभग 56) ऑक्सीजन एक्सप्रेस पश्चिम मध्य रेल से गुजर कर देश भर में तरल चिकित्सा ऑक्सीजन की आपूर्ति की गई है।



# एक पौधा ऑक्सीजन के लिए रोपें

**जबलपुर ।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनमोहन नगर से ऑक्सीजन की कमी के बाद स्वस्थ हुए 3 मरीजों को सुखदु:ख परिवार द्वारा विशेष अभियान के तहत पीपल का पौधा भेंट कर उनसें 5 पौधे लगाने का आग्रह किया, जिससे भविष्य में होने वाले ऑक्सीजन के संकट को कम किया जा सके।।

## सब्जियां हुई सस्ती

# थोक मंडी की अवधि 4 घंटे करने से दाम गिरे

**जबलपुर।** सब्जियों की स्थानीय आवक बढ़ गई है। अब यह शहर की थोक मंडी 4 घंटों के सीमित समय तक ही सिमट कर रह गई है। कोरोना संक्रमण के कारण थोक मंडी का समय रात में दो बजे से सुबह 6 बजे तक का किया गया है। किसानों का कहना है कि इस अवधि में जो भाव मिले, उसमें सब्जियां देकर जाना होता है। सुबह 5 बजे से ही मंडी को बंद कराने का सिलसिला शुरू हो जाता है। यही कारण है कि एक सप्ताह में सब्जियों की आवक तो बढ़ी है लेकिन भाव में गिरावट दर्ज की गई है।सब्जी व्यापारी का कहना है कि लॉकडाउन के बाद भी सब्जी उत्पादकों को इतने कम दाम कभी नहीं मिले। पहले औसतन 3 से 4 आयशर सब्जियां किसान लेकर आते थे। इसका आंकड़ा अब 2 आयशर तक सिमट गया है। साथ ही भाव भी कम हुए हैं। लॉकडाउन के पहले शहर की छोटी मंडियों में भी यहीं से सप्लाय होती थी। इसके अलावा होटल, रेस्टोरेंट में भी किसान सीधे सप्लाय करते थे। इससे सब्जियों की खपत भी अच्छी होती थी और किसानों को दाम भी अच्छे मिलते थे। लॉकडाउन के कारण होटल, रेस्टोरेंट पूरी तरह से बंद हैं। इससे वहां भेजी जाने वाली सब्जियां भी सीधे थोक मंडी में पहुंचाई जा रही हैं। जिससे दाम गिरे हुए है। जहां टमाटर 10 रुपए प्रतिकिलो ग्राम बिक रहा है तो कुम्हड़ा 20 रुपए भिंडी 20 से 25, लोकी 20, बरबटी 30, गिलकी 20 रुपए, कटहल 30 से 40 रुपए, भटा 10 रुपए प्रतिकिलो ग्राम बिक रहा है।



# आयुष्मान योजना की सामग्री रद्द, हम नहीं करेंगे अपने अस्पताल की छवि को खराब

**जबलपुर, यश भारत।** आयुष्मान कार्ड धारी गरीब मरीजों से भी अतिरिक्त पैसा लेने व आयुष्मान योजना को रद्दी बता रहे अस्पतालों पर कार्यवाही की मांग हेतु एनएसयूआई द्वारा जिला चिकित्सा अधिकारी के पास शिकायत पत्र सौंपा गया। एनएसयूआई के विजय रजक ने इन अस्पतालों पर आरोप लगाते हुए बताया कि सरकार द्वारा गरीबों के इलाज हेतु चलाई जा रही आयुष्मान निशुल्क स्वास्थ्य योजना का आयुष्मान कार्ड होने के बाद भी मरीजों से प्राइवेट अस्पताल बिना बिल के लगातार पैसा लिए जा रहे हैं ऐसी ही शिकायत पर आर एस एस के वरिष्ठ नेता व आपदा प्रबंधन समिति



### निजी अस्पताल के वायरल वीडियो पर एनएसयूआई पहुंचा ज्ञापन देने

सदस्य डॉक्टर जामदार के अस्पताल से आई थी ,जिसका संगठन ने वीडियो भी बना लिया तथा जामदार अस्पताल के डॉक्टर संजय द्वारा गरीब मरीज से आयुष्मान कार्ड लगाने के बाद भी 40,000 की मांग की ,जिसका कारण पूछने पर डॉक्टर द्वारा बताया गया कि आयुष्मान योजना के अंतर्गत सरकार द्वारा भेजी जाने वाली सामग्री खराब होती है और बोलते रहे कि वह अपने अस्पताल की इमेज बर्बाद नहीं कर सकते। वीडियो में डॉक्टर ने खुले तौर पर आयुष्मान कार्ड के साथ पैसा देकर करने वाले इलाज को समदड़िया मॉल के सामान से और बिना पैसे दिए आयुष्मान योजना में दिए जा रहे इलाज को फुटपाथ पर बिकने वाले सामान से तुलना की थी। इसके बाद मरीज को सरकारी अस्पताल में इलाज करने सलाह दे डाली ,इसी शिकायत को लेकर आज एनएसयूआई विजय रजक के नेतृत्व में जिला चिकित्सा अधिकारी से मिला। ज्ञापन के दौरान एनएसयूआई जिला अध्यक्ष विजय राजा, कौशल यादव ,सौरभ गौतम, शुभांशु ,शुभम रजक सचिन रजक ,अमित मिश्रा आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जबलपुर रेल मण्डल ने उठाए यह कदम

# मानसून में ट्रेनों के संचालन नहीं होगी परेशानी

***जबलपुर यश भारत। पश्चिम मध्य रेल द्वारा मानसून आने के पहले से ही व्यापक स्तर पर तैयारी शुरू कर दी गई है, जिससे मानसून के समय में ट्रेनों का संचालन सुचारू रूप से चलता रहे। जबलपुर मंडल द्वारा मानसून की तैयारी के मद्देनजर निम्नलिखित महत्वपूर्ण कदम उठाये जा रहे है-**



जबलपुर मंडल के सभी 112 स्टेशनों पर पेड़ों की छटिंग कर वनस्पति को हटाया गया है। ट्रैक के किनारे की नालियों में जमी रेतों को हटाने के साथ-साथ नालियों के ड्रेनेज भी साफ कर दिये गए हैं। जिससे मानसून का पानी पटरियों पर ना आ सके।

रेलवे द्वारा राज्य के सिंचाई अधिकारियों के साथ संयुक्त निरीक्षण किया गया तथा 82 रेलवे स्टेशनों के समीप रेलवे टंकियों की साफ-सफाई का कार्य सिंचाई के कर्मचारियों के साथ सयुंक्त रूप से पूरा कर लिया गया है।

पीडब्ल्यूआई और रेलवे के मैदानी अमले के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा रेलवे के सभी महत्वपूर्ण बड़े और छोटे 2805 पुलों का निरीक्षण पिछले वर्ष के मानसून के बाद किया गया था और सुरक्षा की दृष्टि से पुलों को मरम्मत सुधार करके समय से पहले ही ठीक कर दिया गया है।

रेलवे के इंजीनियरिंग और टीआरडी अधिकारियों के साथ संयुक्त निरीक्षण के दौरान चिन्हित किये गए (ए-श्रेणी-140 और बी श्रेणी-1360 पेड़) कुल लगभग 1500 पे? विभिन्न श्रेणियों के हैं। जो रेल यातायात में तेज हवाओं के प्रभाव से बाधा उत्पन्न कर सकते थे। ऐसे पेड़ों की छटिंग कर दी गई है।

रेलवे ट्रैक पर बने 04 महत्वपूर्ण पुलों (कोरनी, नर्मदा, सतना और दासन) नदियों के समीप स्थापित स्टेशनों पर एनीमोमीटर (मौसम चेतावनी उपकरण) की स्थिति को परीक्षण कर लिया गया है। इस महत्वपूर्ण उपकरण के द्वारा यदि तेज हवाएं 72 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलती है तो इसकी सूचना समीपवर्ती स्टेशनों पर मिल जाती है। क्योंकि 72 किमी प्रति घण्टे की तेज हवाएं रेल यातायात के लिए खतरा उत्पन्न कर सकती है।

बाढ़ के खतरों को मापने के लिए बाढ़ गेज यंत्र निगरानी प्रणाली को 05 महत्वपूर्ण पुलों (नर्मदा, कोपरा, बरमी, हिरन एवं महानदी) पर सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया गया है। जिसे प्रणाली के द्वारा मानसून सीजन में दिन में दो बार (06:00 और 18:00 बजे) पुलों पर पानी के स्तर का संदेश समीपवर्ती मैदानी अमले एवं स्टेशनों को भेजा जाता है। बाढ़ की स्थिति में खतरनाक स्तर पर पानी पहुँचने पर बार-बार अलर्ट का संदेश भेजा जाता है।

मंडल पर मानसून रिजर्व का पर्याप्त स्टॉक (कटनी मुड़वारा और सगोनी स्टेशनों पर बोल्डर के 15 लोडेड वैगन और मकरोनिया स्टेशन में स्टोन डस्ट के 30 वैगन) आपातकालीन आवश्यक के लिए तैयार ख? है। 05 आरएच गर्डर और 350 नग सीसी क्रिब्स के पर्याप्त सेट पहले से ही स्टेशनों और एलसी गेटों में लोडिंग स्थिति में रखें गए हैं जिन्हें आपात स्थिति में इस्तेमाल किया जा सकता है।पश्चिम मध्य रेल अन्य मंडलो पर भी उपरोक्त तरह की तैयारी पूरी कर ली गई है।

### तेज हुआ नाले नालियों की सफाई का अभियान

# नहीं हो जलप्लावन इसलिए किए जा रहे हैं सार्थक प्रयास - निगमायुक्त

**जबलपुर।** जलप्लावन की रोकथाम के लिए नगर निगम के आयुक्त संदीप जी.आर. के निर्देशानुसार पूरे शहर में नाला नालियों की सफाई अभियान को प्रतिदिन गति प्रदान की जा रही है। निगमायुक्त ने नाला नालियों की सफाई के साथ-साथ जल निकासी के सभी अवरोधों एवं अतिक्रमणों को भी हटाने की कार्रवाई निरंतर जारी रखने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने बताया कि आज जलप्लावन के लिए संभावित संवेदनशील क्षेत्र अधारताल के अंतर्गत आने वाले राहत नाला, मिल्क स्कीम नाला, खजांची नाला, की सफाई कराई गयी वहीं संभाग क्रमांक 14 विजय नगर के अंतर्गत जयप्रकाश वार्ड के रविकिरण सोसायटी जहाँ क्षेत्रीय लोगों के द्वारा जल निकासी को अवरूद्ध किया गया था उन अवरोधों को भी हटवाकर जल निकासी की व्यवस्था कराई गयी। इससे क्षेत्रीय नागरिकों को वर्षाऋतु के समय राहत मिलेगी।निगमायुक्त संदीप जी.आर. ने वर्षा जल की निकासी सुगमतापूर्वक हो और कहीं पर भी इस वर्ष जलप्लावन की स्थिति निर्मित न हो इसके लिए उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारी श्री भूपेन्द्र सिंह के साथ साथ सभी सहायक स्वास्थ्य अधिकारियों, सभी संभागीय अधिकारियों, संभागीय यंत्रियों एवं मुख्य स्वच्छता निरीक्षकों को भी निर्देशित किया है कि प्रतिदिन सुबह 06 बजे से दोपहर 02 बजे तक अपने अपने क्षेत्रों का भ्रमण करें और जहाँ भी ऐसी स्थिति निर्मित होने की संभावना दिखाई दे या कोई जल निकासी व्यवस्था को अवरूद्ध किया हो वहाँ पर कार्यवाही सुनिश्चित कराएँ। निगमायुक्त श्री संदीप जी.आर. के निर्देशानुसार आज स्वास्थ्य अधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने संभाग क्रमांक 7 के अंतर्गत नाला सफाई अभियान का निरीक्षण किया।

**नाले नालियों पर बने अवैध कब्जेंको हटाने संभाग स्तर पर कार्यवाही जारी**





# रेलवे की चिकित्सा सहायता टीम सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड पुरस्कृत

***जबलपुर यश भारत।** कोरोना की अवधि में जबलपुर रेल मंडल में रेल यात्रियों तथा रेल कर्मचारियों के बीच बेहतरीन काम करने वाली रेलवे की चिकित्सा सहायता की टीम सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड इंडिया को उल्लेखनीय सेवाओं के लिए महिला कल्याण संगठन जबलपुर मंडल द्वारा 20 हजार रुपए का चेक देकर पुरस्कृत किया गया। मंडल रेल प्रबंधक के निवास पर संगठन की अध्यक्ष श्रीमती अशोका विश्वास में ब्रिगेड के पदाधिकारी अनिल दुबे एवं पुष्पा द्विवेदी को इस ब्रिगेड द्वारा प्रदान की जा रही उल्लेखनीय सेवाओं के उपलक्ष में संगठन की ओर से सहायता स्वरूप बीस हजार रुपए का चेक प्रदान किया। इस अवसर पर श्रीमती विश्वास ने कहा कि यह ब्रिगेड जबलपुर रेल मंडल में हर अवसर पर अपनी चिकित्सा सेवाएं आम जनता रेल यात्रियों एवं रेलवे परिवार के बीच निश्वर्थ रूप से करती है। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष मैहर का मेला हो या कोई राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान हो, हर अवसर पर लोगों की भीड़ को किसी भी आपात स्थिति से बचाने एवं उन्हें प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराने के लिए यह ब्रिगेड पूरे पश्चिम मध्य रेलवे में अपनी सक्रिय भूमिका निभाती है।

### प्रयास जन सशक्तिकरण संस्थान ने आज गुजराती बस्ती शास्त्री नगर में बांटे भोजन के पैकेट

# अपनों को भोजन देने में मिलती है खुशी एक छोटा सा प्रयास

जबलपुर। जहाँ एक ओर स्वस्थ होकर घर पहुँचने का सिलसिला जारी है वही दूसरी ओर गरीबो भूखो को ध्यान में रखते हुए प्रयास जन सशक्तिकरण संस्थान के प्रदाधिकारियों द्वारा नित नए-नए प्रयास जारी है. अपने कर्तव्यों के साथ-साथ मानवता की मिसाल पेश करते हुए प्रयास जन सशक्तिकरण संस्थान के पदाधिकारियों के द्वारा कोरोना महामारी के दौरान शहर की विभिन्न झुग्गी बस्तियों व क्षेत्रों में असहाय व जरूरतमन्दो को लगातार भोजन पैकेट बांटे जा रहे हैं। प्रयास जन सशक्तिकरण संस्थान की पदाधिकारी ने संकल्प लिया है गरीब लोगों की भूख मिटाने के लिए हमारा यह प्रयास जारी रहेगा। प्रयास जन सशक्तिकरण संस्थान की टीम के मनीषा भारती प्रभा रजक, प्रदीप शर्मा, अभिषेक पाठक,जी मनीष परिहार, सुमित पाठक ,अखलेश पटेल पारस रजक, संस्थान के समस्त पदाधिकारी गरीबो की मदद कर रहे है ताकि कोई गरीब भूखा न रहे. भूखो को भोजन देने का कार्य लगातार निरंतर जारी रहेगा।



# महिला पर तलवार से हमला

**जबलपुर।** रांझी थाना क्षेत्रातंर्गत बगिया टोला में तड़के सुबह 4 बजे के लगभग दो तत्वों ने एक घर के सामने पहुंचकर गालीगलौज शुरु कर दी। जैसे ही घर की महिला ने दरवाजा खोला तो आरोपियों ने उल्टी तलवार से हमला कर दिया। जिससे महिला को चोट आ गई, महिला की चीख पुकार सुन आसपास के लोग एकत्रित हुए तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गये। पुलिस ने बताया कि संगीता मिश्रा ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह लालू यादव के मकान पर किराये से रहती है। सुबह 4 बजे के करीब मोहल्ले में रहने वाले अमित चक्रवती व रामनारायण उर्फ नाटी उनके घर के सामने आये उनके लड़के शिवम मिश्रा का नाम लेकर गालीगलौज करने लगे। जैसे ही उसने दरवाजा खोला तो दोनों ने उल्टी तलवार से हमला कर दिया, जिससे उसके सिर पर चोट आ गई। उसकी आवाज सुन आसपास के लोग एकत्रित होने लगे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिये है।

# कर्मचारी को नोटिस ,एक माह का वेतन रोका

**जबलपुर।** कोरोना वेक्सीनेसन केन्द्र बेदी नगर कम्यूनिटी हाल से हरूबसन्ती चौधरी टीकाकरण सत्र से 1.30 बजे बन्द कर चली गई थी जिसके कारण टीका लगवाने वाले हितग्राहियों को परेशानी का सामना करना पड़ा जबकि टीकाकरण समय अवधि प्रातः 9.00 बजे से साय 6.00 तक है । उक्त कर्मचारी हरूशहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गुप्तेश्वर में पदस्थ है । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रत्नेश कुररिया द्वारा उक्त कर्मचारी को शोकाज नोटिस जारी करते हुए एक माह का वेतन रोकने के निर्देश जारी किया है । इस प्रकार की पुनरावृत्ति किसी भी अन्य कर्मचारी द्वारा यदि कि जाती हैं तो आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जावेगी । *सभी कर्मचारियों को ष्टरूाह सर द्वारा निर्देशित किया गया है कि टीकाकरण की समय अवधि में टीकाकरण स्थल पर मौजूद रहे टीकाकरण स्थल प्रातः 9.00 बजे पहुँचने पर विशेष ध्यान दे ।

# जिला कार्यक्रम अधिकारी की हिटलरी

### महिला एवं बाल विकास विभाग के कर्मचारियों में रोष

जबलपुर। मध्यप्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने बताया कि महिला बाल विकास कार्यालय में जंगलराज मचा हुआ है यहाँ कोरोना गाईड लाईन के विपरित कर्मचारियों को मौखिक रूप से बिना किसी लिखित आदेश के कार्यालय बुलाया जा रहा है, जबकि शासन द्वारा पूरे प्रदेश में जनता कर्पयू लाग है कफ्यू के दौरान केवल अतिआवश्यक सेवाओं से जुड़े विभाग पुलिस, आपदा प्रबंधन फायर ब्रगेड, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, जेल, राजस्व, पेयजल आपूर्ति, नगरीय प्रशासन ग्रामीण विकास, विद्युत प्रदाय, सार्वजनिक परिवहन एवं कोषालय आदि को 10 प्रतिशत कर्मचारियों की उपस्थिति साथ कार्यालय संचालित करने के निर्देश हैं। इसके बाद भी महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों द्वारा कर्मचारियों को मानसिक रूप से प्रताडित करने के उद्देश्य से चीन चीन कर कार्यालय बुलाया जा रहा है। जो जनता कर्फयू के उल्लंघन के साथ कर्मचारियों की जान जोखिम में डालने वाला भी है। जिसका संघ विरोध करता है।इस अवसर पर संघ के अटल उपाध्याय, आलोक अग्निहोत्री, मुकेश सिंह, दुर्गेश पाण्डे, आशुतोष तिवारी, मुन्ना लाल पटैल, नितिन अग्रवाल, गगन चौबे, प्रणव साह, राकेश दुबे, तरूण पंचौली, श्यामनारायण तिवारी, मनीष चौबे, सोनल दुवे, देवदत्त शुक्ला, मनोज सेन, अभिषेक मिश्रा, धीरेन्द्र सोनी, मो0तारिख, महेश कोरी, प्रियांशु शुक्ला, संतोष तिवारी, विजय कोष्टी, अब्दुल्ला चिश्चिती, आदि कलेक्टर जबलपुर से मांग की है कि जिला कार्यक्रम अधिकारी की हिटलरशाही पर रोक लगाई जावे।



# ज्ञान गंगा कालेज में कोविड वैक्सिनेशन

**जबलपुर।** ज्ञान गंगा कालेज में कोविड वैक्सीन 18+से 44 तक को टीका लगाए जा रहे है जिसमे मैनेजमेंट रजनीत जैन अपूर्वा सिघई पकज गोयल विशेष जैन सजय शुक्ला रजिस्टार सुदीप्तो मुखर्जी ओ पी विश्वकर्मा कर्मचारी प्रमोद सुशील देवेन्द्र बृजेश राकेश धर्मेन्द्र सुखचैन संतोष नीरज , रचना बघेल अलका मिश्रा कम्प्यूटर आपरेटर शैलेन्द्र का विशेष सहयोग रहा।

### पीडब्लूडी चीफ इंजीनियर ने जारी किए अनुकंम्पा नियुक्ति आदेश

# मृत कर्मी के परिवार को मिला सहारा

**जबलपुर।** लोक निर्माण विभाग मुख्य अभियंता (मध्य क्षेत्र )एस सी वर्मा द्वारा 4 संभागों के मृत कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकंम्पा नियुतियों के आदेश जारी किये ,अनुकंम्पा नियुक्ति हेतु गठित समिति की बैठक में यह लंबित प्रकरण सामने आये थे। लोक निर्माण विभाग ( विधुत यांत्रिकी) सम्भाग जबलपुर में मृत कर्मी वासुदेव वरमासे के पुत्र कमलेश वरमासे को हेल्पर, मंडला सम्भाग के सुद्दु लाल यादव के पुत्र देवेन्द्र कुमार यादव को केयर टेकर मंडला सम्भाग के ही जितेंद्र कुमार मिश्रा चौकीदार के पुत्र मिहिर कुमार मिश्रा को चौकीदार के पद पर तथा नरसिहपुर सम्भाग के श्री देवराज तलवेकर शाहू केयर टेकर के पुत्र अशोक कुमार साहू को केयर टेकर के पद पर अनुकंम्पा नियुक्ति दी गई। लंबे समय से लंबित प्रकरणों में परिजनों को सरकारी नोकरी मिलने से विधवा हुई पत्नी अनाथ बच्चों बूढ़े मां बाप को जीने का सहारा मिल गया है। मध्यप्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के अटल उपाध्याय,पी एल गौतम, रवि बांगड़, अशोक तिवारी,राजेन्द्र गुप्ता,अखलेश वर्मा, संतोष दुबे,नितिन सेलेट,श्री मति देवीनाग,जीपी द्विवेदी ने लंबित अनुकंम्पा नियुक्ति प्रकरणों में नियुक्त आदेश जारी करने पर मुख्य अभियंता एस सी वर्मा, समिति के सदस्यों को धन्यवाद प्रेसित किया है ।संघ द्वारा मांग की है कि गई है कि अनुकंम्पा नियुक्ति प्रकरणों का निराकरण 2 माह के अंदर किए जावे ।अनुकंम्पा नियुक्ति प्रकरणों में समय पर पात्र लोगों को नोकरी दिलवाने वाले कार्यपालन यंत्री शिवेंद्र सिंह ,जी पी गुप्ता की संघ द्वारा प्रशंसा की गई है।

# पिकअप वाहन ने युवक को मारी टक्कर

**जबलपुर।** पनागर थाना क्षेत्रातंर्गत पारस ढाबा के समीप बीती रात एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए एक युवक को टक्कर मार दी, जिससे युवक को गंभीर चोटे आई है। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर वाहन चालक की पतासाजी शुरु कर दी है। पुलिस ने बताया कि घायल 35 वर्षीय सुनील बर्मन ने बताया कि वह खाना बनाने का कार्य करता है। बीती रात मंझौली से खाना बनाकर लौट रहा था, जैसे ही पारस ढाबा के पास पेट्रोल पंप के समीप पहुंचा, जबलपुर की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे उसे चोटे आ गई। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी चालक की पतासाजी शुरु कर दी है।

# 2 दिन से मरचूरी में पड़ी थी देह

### अंतिम संस्कार के लिए नहीं आए परिजन

**जबलपुर।** 7 साल का मासूम दो दिन से मरचूरी मै देह के अंतिम संस्कार का करता रहा इंतजार परिजन नहीं आये तो मोक्ष एवं प्रशासन की तलाश से परिवार से सम्पर्क हुआ फिर मोक्ष ने अंतिम संस्कार कराया। मोक्ष के आशीष ठाकुर ने बताया कि इसी तरह से एक महिला का शव 2 दिन से कोविड शव पोस्ट मार्टम मैं था परिजन तलाश करने पर नहीं मिल रहे थे जानकारी नहीं मिल रही थी । मोक्ष को फिर किसी तरह से जानकारी प्राप्त हुई की महिला मांगती खाती थी उसका एक बेटा है जिसे तलाशा गया तो वह बजनामठ मै मिल गया उसे लाकर उसकी माँ को मुखाग्नि दिलाई गई। प्रतिदिन मोक्ष टीम अपने सेवा प्रयास के माध्यम से रोशनी के दीये जला रही है ।शहर और अन्य जिलों के साथ विदेशो से भी लोग अपनी अपनी क्षमता अनुसार सहयोग कर रहे ,जो कभी जबलपुर मैं रहे पले बढ़े हैं। मोक्ष 45 सेवा धारियों की टीम 8 वाहनों के साथ सेवा कार्य कर रही है स्वयं के साधनों सम्मलित प्रयास से विगत वर्ष जबलपुर में जब कोविड-19 से पहली मौत हुई थी तब से अब तक सैकड़ों शवों को सदगति दिला चुका है।



### कोविड शवों की सदगती के लिए मोक्ष रिश्ते को बचाने मैं लगा

# सेवा कार्य में स्वयंसेवकों ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

जबलपुर। कोविड-19 यानि कोरोना वायरस को लेकर वर्तमान स्थिति चिंताजनक है, किन्तु ऐसे समय में सरकार और प्रशासन के अतिरिक्त हमारा समाज और हमारे कोरोना योद्धा जिस तत्परता और कार्यसिद्धता के लक्ष्य के साथ कार्य कर रहे हैं वह सराहनीय है. वर्तमान संकट में विभिन्न सामाजिक संगठनों व संस्थाओं ने जिस प्रकार सेवा कार्यों में सहयोग किया है वह अद्वितीय है, संगठनों के सेवा भाव से प्रभावित होकर समाज के हजारों लोगों का सेवाभाव के लिए आगे आना प्रेरणादायक है. वास्तव में ऐसे कार्यों से ही भारतीय सामाजिक ताने-बाने की मजबूती स्पष्ट होती है। कोरोना की पहली लहर की ही तरह इस दूसरी लहर में भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक, सेवा भारती सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों व संस्थाओं के माध्यम से प्रभावित परिवारों व जरूरतमंदों को सहायता उपलब्ध करवाने के कार्य में जुटे हुए हैं. कोविड संकट के इस काल में जबकि ऐसा प्रतीत हो रहा था कि स्थिति पर नियंत्रण पाना बहुत मुश्किल हो जाएगा, ऐसे समय में स्वयंसेवकों द्वारा स्थिति सामान्य करने के लिए आवश्यकतानुसार सेवा के अनेकानेक उपक्रम आरंभ किए गए। कोरोना के संभावित लोगों हेतु आइसोलेशन केंद्र व संक्रमित रोगियों हेतु कोरोना केयर सेंटर, सरकारी कोविड केयर सेंटरों व अस्पतालों में सहायता उपलब्ध करवाना, उपरोक्त सहायता हेतु हेल्पलाइन नंबर, ऑनलाइन चिकित्सकीय सलाह, रक्तदान, प्लाज्मादान, अंतिम संस्कार हेतु सामग्री व कार्य, आयुर्वेदिक काढ़ा व दवा वितरण, समुपदेशन (काउंसलिंग), ऑक्सीजन आपूर्ति व एम्बुलेंस सेवा जैसे सेवा के कार्य किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त भोजन, राशन व मास्क वितरण तथा टीकाकरण अभियान व जागरूकता अभियान, शव वाहन जैसे आवश्यक कार्य स्वयंसेवकों ने प्रारंभ किए हैं।

स्वयंसेवकों द्वारा सहायता के लिए पूरे प्रान्त में लगभग 58 स्थानों पर हेल्पलाइन सेंटर्स चलाए जा रहे हैं. इसी प्रकार वैक्सीनेशन शिविर, सहयोग व जागरूकता अभियान में 68 से अधिक स्थानों पर 850 से अधिक कार्यकर्ता लगे हुए हैं, जिसमें अभी तक कई लोगों को वैक्सीनेशन करवाया गया है. प्रान्त में 20 स्थानों पर आइसोलेशन केंद्र संचालित किए जा रहे हैं, जिनमें लगभग 850 से अधिक बिस्तर की व्यवस्था है. इसके साथ ही 2 शहरों में कोविड केयर सेंटर भी चलाए जा रहे हैं, जिनमें 300 से अधिक बिस्तर की व्यवस्था है, इनमें से सभी बिस्तर ऑक्सीजन युक्त हैं. इन केंद्रों के संचालन में 15 से अधिक कार्यकर्ता कार्य कर रहे हैं. इनके अलावा सरकारी कोविड केयर केंद्रों में भी स्वयंसेवक व्यवस्थाओं में सहयोग कर रहे हैं. प्रान्त में 2 शहरों में संचालित 2 सरकारी कोविड केयर केंद्रों में 15 से अधिक कार्यकर्ता सहयोग कर रहे हैं. स्वयंसेवकों ने 10 स्थानों पर रक्तदान शिविरों का आयोजन कर 210 यूनिट रक्तदान करवाया है. प्रान्त में 32 स्थानों पर संचालित चिकित्सकीय हेल्पलाइन के माध्यम से 15750 से अधिक लोग लाभान्वित हुए हैं, इन केंद्रों में 150 से अधिक चिकित्सक सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।




**Tender Notice**

Sealed tenders are invited from licensed registered civil engineers/ contractors (having minimum Three years experience in construction) for establishment of Common Facilities Centre at village - Ajansara, Thuti Block- Chanwarpatha, District- Narsinghpur (M.P.) being facilitated by Prayas Shikshan Evam Samajik Sangthan samiti, H.N.435 Rajiv Ward, subhash park chouraha, kandeli, narsinghpur(M.P.) Tender should be submitted in separate envelops for Technical Bid along with earnest money of Rs 160000/- or Bid security declaration for tenders and can be deposited at the below mentioned address up to 02.00 PM of 10/06/2021. The Demand Draft of earnest money or bid security declaration should be in the name of Prayas Shikshan Evam Samajik Sangthan samiti, H.N.435 Rajiv Ward, subhash park chouraha, kandeli, narsinghpur(M.P.)Payable at Narsinghpur. Tenders received will be opened before the Procurement Committee of the proposed Common Facilities on (11/06/2021) at 3.00 PM. Tender form can be obtained from Prayas Shikshan Evam Samajik Sangthan samiti, H.N.435 Rajiv Ward, subhash park chouraha, kandeli, narsinghpur(M.P.) on any working day between (20/05/2021 to 10/06/2021) 10.00 AM to 5.00 PM. by payment of Rs. 100/-. The details of works and Terms and Conditions are available in the Tender Form. Prayas Shikshan Evam Samajik Sangthan Samiti, H.N.435 Rajiv Ward, Subhash Park Chouraha, Kandeli, Narsinghpur(M.P.)reserves all the right to cancel any or all the Tenders without assigning any reason.

Pre-bid meeting - Date & Time 30/05/2021 11:00 PM

**President/ Secretary**
Vikrant Patel
Cont. 07792-231060

# सवा महीने से दुकानें बंद, 200 करोड़ रुपये का रोज नुकसान उठा रहा बाजार

**भोपाल।** राजधानी की दुकानें पिछले सवा महीने से बंद है। इससे रोजाना 200 करोड़ रुपये का कारोबार प्रभावित हो रहा है। शादी-ब्याह का सीजन भी निकलने लगा है। जिससे व्यापारियों का खासा नुकसान हो रहा है। इसलिए अब व्यापारी राहत की मांग कर रहे हैं। कुछ समय के लिए दुकानें खोलने के साथ ही सरकार से आर्थिक मदद की गुहार लगाई जा रही है। उनकी बिजली बिल में माफी, बिना ब्याज के ऋण की मांग भी है। कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण के चलते 12 अप्रैल से शहर में जिला प्रशासन ने कोरोना कर्फ्यू लगा दिया था। सिर्फ दूध, दवाई, फल-सब्जी एवं करीब 150 किराना दुकानों को होम डिलीवरी करने की छूट दी है। कर्फ्यू 24 मई तक रहेगा। यह आगे भी बढ़ सकता है। इससे व्यापारियों की सांसें फुल रही है, क्योंकि दुकानें बंद होने से जहां उनका नुकसान हो रहा है। वहीं सामान भी खराब होने लगा है। इसलिए वे दुकानें खोलने की अनुमति देने की मांग कर रहे हैं।

### किराना सामग्री सप्लाई की छूट, पर आपूर्ति उतनी नहीं

राजधानी के थोक किराना बाजार से प्रतिदिन 150 टन तक किराना सामग्री शहर समेत आसपास के जिलों में सप्लाई होती है। कर्फ्यू के कारण खपत कम हो गई है, क्योंकि बाजार बंद है। व्यापारी गोदामों से ही सप्लाई कर रहे हैं। दूसरी ओर प्रशासन ने डेढ़ सौ किराना दुकानों से ही होम डिलीवरी करने की छूट दी है, जबकि शहर में छह हजार से ज्यादा छोटी-बड़ी दुकानें हैं। ऐसे में आमजनों तक किराना सामग्री की पर्याप्त आपूर्ति नहीं हो पा रही है। थोक बाजार में पहले प्रतिदिन की 100 करोड़ रुपये का कारोबार रोजाना होता था।



### शादी का सीजन भी ठप

21 अप्रैल से शादी-ब्याह का सीजन शुरू हो गया, लेकिन कर्फ्यू इससे पहले ही लागू हो गया था। इस कारण अप्रैल व मई के करीब 20 मुहूर्त में शादियां नहीं हो पाई और कपड़ा, किराना, आभूषण, मैरिज गार्डन, टेंट, कैटर्स, डेयरी आदि कारोबार ठप हो गए।

### राहत दे सकता है प्रशासन

24 मई के बाद प्रशासन बाजारों के संबंध में कुछ राहत दे सकता है। दूध व फल-सब्जी दुकानों से समय की पाबंदी हट सकती है तो किराना समेत अन्य दुकानों को कुछ घंटों की छूट मिल सकती है। इसके अलावा सप्ताह में एक-दो दिन दुकानें खोलने के लिए प्रशासन आदेश जारी कर सकता है।



### सरकार ये चाहते हैं राहत-

- व्यापारियों को बिना ब्याज के पांच लाख रुपये तक का लोन दिया जाए। पहले से जिन व्यापारियों ने बैंकों से लोन ले रखा है। उनका ब्याज छह महीने के लिए खत्म हो। व्यापारियों का न्यूनतम राशि पर स्वास्थ्य बीमा हो। कोरोना कर्फ्यू अवधि के दौरान के बिजली बिल माफ हो। प्रापर्टी टैक्स, दुकान किराया में छूट दें। निगम कोई अतिरिक्त सरचार्ज भी न लगाए।

### इसलिए छूट की जरूरत-

- व्यापारी छह घंटे के लिए दुकान खोलने की अनुमति चाहते हैं। ताकि दुकान-गोदाम में रखा माल बेचा जा सके। अप्रैल के आयकर रिटर्न व जीएसटी फाइल करना है। इसलिए वे दुकानें खोलना चाह रहे हैं। सवा महीने से घरों में कैद होकर लोग भी उब गए हैं। साथ ही जरूरी वस्तुओं की भी किल्लत हो रही है। इसलिए लोग भी राहत चाहते हैं।

शहर की सभी थोक एवं फुटकर किराना दुकानों को सुबह छह से दोपहर 12 बजे तक खोलने की अनुमति प्रशासन दें। वर्तमान में होम डिलीवरी की व्यवस्था पूरी तरह से कारगर नहीं है।

**अनुपम अग्रवाल, महासचिव भोपाल किराना महासंघ**

- प्रदेश के ज्यादातर जिलों में लंबे से कोरोना कर्फ्यू लागू है। इस कारण बाजार पूरी तरह से बंद है और व्यापारियों का करोड़ों का नुकसान हो रहा है। इसलिए व्यापारियों को सरकार राहत पैकेज दें। दुकानें खोलने की अनुमति भी मिले।



- कोरोना कर्फ्यू में व्यापारियों का खासा नुकसान हो रहा है। इसलिए बाजार खोले जाने चाहिए। इसके अलावा सरकार व्यापारियों को बिना ब्याज पर लोन दें। बिजली बिल, दुकान किराया माफ करें और किसी प्रकार का अतिरिक्त कर न थोपे।

**अजय देवनानी, सचिव न्यू मार्केट व्यापारी महासंघ**

# बच्चों के लिए घर-घर पहुंचाई जा रहीं किताबें

### पढ़ने की आदत विकसित करने के लिए गरीब बस्तियों में छोटी लाइब्रेरियां बनाने की योजना




**भोपाल।** कहते हैं किताबें इंसान की सबसे अच्छी दोस्त होती हैं। बच्चों की किताबों से दोस्ती कराने की पहल शहर के कुछ युवाओं ने की है। इंसानी बिरदारी ऑर्गनाइजेशन (आइबीओ) की ओर से गरीब परिवार के बच्चों को ईद के उपहार के रूप में कॉमिक्स,कहानिओं और सामान्य ज्ञान की किताबें भेंट दी जा रही हैं, ताकि बच्चे लॉकडाउन के मानसिक दबाव से निकाल सकें। यह पहल 20 मई तक चलेगी। करीब 15 सौ किताबें बांटी जा चुकी हैं। जिन बच्चों ने किताबें पढ़ ली हैं, उनसे कहा गया है कि वे इन्हें दूसरे बच्चों को भी दे दें। कुछ सहयोगी संस्थाओं और आम लोगों ने पुरानी किताबें उपलब्ध कराई हैं। इस काम में आइबीओ के 50 (वालेंटियर) स्वयं सेवक लगे हैं। कोई भी व्यक्ति अपनी पुरानी किताबें वालेंटियर को दे सकता है। आइबीओ के सदस्य आबिद मोहम्मद खान ने बताया कि कोरोना संक्रमण के चलते एक साल से स्कूल बंद हैं। लॉकडाउन में घर से बाहर निकलने और दोस्तों से मिलने की भी मनाही है। बच्चे घर में बैठे-बैठे बोर हो रहे हैं। कोरोना काल की नाकारात्मकता दूर करने के लिए सप्ताह भर का यह अभियान शुरू किया जा रहा है। गुरुवार को इसका अंतिम दिन है। उन्होंने बताया कि ईद पर उपहार देने की परंपरा रही है। हमने सोचा कि ईदी के रूप में किताबें दी जाएं, तो बच्चों में पढ़ने की आदत विकसित होगी। इसमें नर्सरी से लेकर कक्षा 12वीं तक के बच्चों के पढ़ने लायक किताबें शामिल हैं। वालेंटियर गरीब बस्तियों में घर-घर जाकर किताबें दें रहे हैं।इन इलाकों में बांटी किताबें- शहर की निजामुद्दीन कॉलोनी, भेल, करोंद, बुधवारा, मदर इंडिया कॉलोनी, हसनत नगर, अटल नगर, बाणगंगा, सोनिया गांधी कॉलोनी, गांधी नगर, अब्बास नगर, प्रताप नगर, अन्न नगर आदि बस्तियों में किताबें बांटी जा चुकी हैं। उन्होंने बताया कि किताबों की मांग ज्यादा होने से हमारे पास किताबें खत्म हो गई थीं। हमने इंटरनेट मीडिया और निजी संपर्कों के माध्यम से लोगों से पुरानी किताबें दान करने की अपील की। परखा जाएगा बच्चों का ज्ञान- उन्होंने बताया कि बच्चे जब किताबें पढ़ लेंगे तो उन्हें बस्ती में ही एक स्थान पर एकात्रित कर छोटी लाइब्रेरी बनाने की योजना है, जहां और किताबों की व्यवस्था की जाएगी। आबिद ने बताया कि एक सप्ताह बाद हमारे वालेंटियर घर-घर जाकर पता करेंगे कि बच्चों ने किताबें पढ़ी हैं या नहीं। इसके बाद किताबों से जुड़े विषयों पर आधारित प्रतियोगिता का आयोजन कर बच्चों का ज्ञान भी परखा जाएगा।

# कृषि उपज मंडी में सब्जी का कारोबार करने से इनकार

**भोपाल।** ग्राम भैंसा खेड़ी स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय कृषि उपज मंडी में बुधवार से सब्जी की नीलामी शुरू होना थी लेकिन ऐसा नहीं हो पाया क्योंकि सब्जी व्यापारी मंडी में आकर नीलामी में भाग नहीं लेना चाहते। व्यापारियों का कहना है कि बैरागढ़ स्थित संत कंवर राम सब्जी मंडी में ही नीलामी व्यवस्था सही है। कृषि मंडी शहर से दूर है इतना दूर जाकर नीलामी भाग लेना संभव नहीं है। विधायक रामेश्वर शर्मा ने हाल ही में कृषि उपज मंडी का दौरा कर यहां सब्जी की नीलामी शुरू करवाने के निर्देश दिए थे निर्देश के अनुरूप किसान सब्जी लेकर मंडी में पहुंचे लेकिन व्यापारी नहीं आए। किसानों को काफी समय इंतजार के बाद अपनी सब्जी वापस ले जाना पड़ी है कुछ किसानों ने रास्ते में ही सब्जी को कम दाम पर बेच दिया। व्यापारियों का कहना है कि कृषि उपज मंडी संत हिरदाराम नगर से काफी दूर है इतना दूर जाकर नीलामी में भाग लेना फिर सब्जी को दुकान तक लाने में उन्हें बहुत परेशानी होती है। व्यापारियों ने पुरानी व्यवस्था को ही लागू करने पर जोर दिया है। सब्जी व्यवसाई वासुदेव दरियनी कहते हैं की संत कंवरराम सब्जी मंडी में नीलामी के कुछ समय बाद ही वे सब्ज़ी को बेचना शुरू कर देते हैं कृषि मंडी में ऐसा करना संभव नहीं है इससे सब्जी की परिवहन लागत बढ़ जाएगी।

### ठेला व्यवसाई भी मंडी जाने के पक्ष में नहीं

संत हिरदाराम नगर व आसपास के इलाकों में खेलों पर सब्जी रख कर बेचने वाले फुटकर व्यवसाई भी पुरानी व्यवस्था के ही पक्ष में हैं। सब्ज़ी व्यवसाई फूल सिंह का कहना है कि कृषि मंडी में नीलामी में भाग लेकर उसे ठेले वे वापस शहर तक लाने में ही काफी समय खराब हो जाएगा इतना दूर जाकर फिर वापस आना समय की बर्बादी है। पुरानी मंडी में ही सब्जी की नीलामी की जानी चाहिए।



# ऑक्सीजन नहीं मिलने से गोविंदपुरा के एक हजार आर्डर खटाई में

**भोपाल।** ऑक्सीजन नहीं मिलने से गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र में करीब एक हजार आर्डर खटाई में पड़ गए हैं। दरअसल, पिछले महीने ऑक्सीजन की बढ़ती किल्लत के बीच उद्यापतियों ने जिला प्रशासन को 1200 खाली सिलिंडर दिए थे। ताकि अस्पतालों में मरीजों को राहत मिल सके। इस कारण कारखानों में काम बंद हो गया है, क्योंकि फेब्रिकेशन से जुड़े कारखानों में ऑक्सीजन की काफी जरूरत होती है। अब उद्योगपति 10 फीसद सिलिंडर व ऑक्सीजन की मांग कर रहे हैं। ताकि पुराने आर्डर पूरे हो सके। गोविंदपुरा में करीब 1100 लघु उद्योग हैं, जो पिछले एक साल से परेशानी से जुझ रहे हैं। पिछले साल लॉकडाउन अवधि में कारखाने बंद रहे तो फिर ऑक्सीजन की कमी ने दो महीने तक काम रोके रखा। पिछले कुछ समय से कारखाने चलने लगे तो लोहा समेत अन्य वस्तुओं की बढ़ती कीमतों ने परेशानी बढ़ा दी। वर्तमान में वस्तुओं की बढ़ी कीमत के अलावा ऑक्सीजन नहीं मिलने से उद्योगों में काम बंद पड़ा है।

### पुराने आर्डर, नए नहीं ले रहे

गोविंदपुरा इंडस्ट्री एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरजीत सिंह ने बताया कि लोहा समेत अन्य धातुओं की कीमतें लगातार बढ़ रही है। दिन-प्रतिदिन कीमतें बढ़ने से पूर्व में लिए गए आर्डर में उद्योगपतियों को नुकसान हो रहा है। लोहा 75 रुपये प्रति किलो है। बावजूद जैसे-तैसे पुराने आर्डर पूरे करना चाहते हैं। इसलिए नए आर्डर नहीं ले रहे हैं।

### ऑक्सीन व सिलिंडर के लिए कलेक्टर से संपर्क

ऑक्सीजन एवं सिलिंडर के लिए उद्योगपति एसोसिएशन के माध्यम से कलेक्टर से संपर्क भी कर रहे हैं। अध्यक्ष सिंह के अनुसार प्रशासन यदि 10 फीसद सिलिंडर एवं इतनी ही ऑक्सीजन दे दें तो पुराने आर्डर पूरे करने में आसानी होगी। इसलिए मांग की गई है।

# दस लाख नकद, कार लाना, तभी घर आना

**भोपाल।** बैरसिया थाना पुलिस ने एक नवविवाहिता की शिकायत पर उसके पति के खिलाफ मुस्लिम विवाह अधिनियम और दहेज एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। दहेज के मामले में ससुर, जेठ, जेठानी को भी आरोपित बनाया है। आरोप है कि दहेज में 10 लाख रूपये नकद और कार की मांग को लेकर बहू को घर से बाहर निकाल दिया गया था। इस मामले में अभी आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। बैरसिया थाना पुलिस के मुताबिक 21 वर्षीय युवती ललरिया गांव में रहती है। युवती ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। उसमें बताया कि 20 जून 2020 को उसका निकाह ललरिया निवासी मोहम्मद हारिश के साथ हुआ था। शादी के कुछ दिनों बाद ही पेशे से किसान मो.हारिश ने पत्नी से दहेज में 10 लाख रूपये और कार की मांग करना शुरू कर दी। इस मांग को लेकर ससुर इमरान, जेठ सद्दाम और जेठानी भी हारिश का पक्ष लेते हुए बहू को परेशान करने लगे। युवती ने जब दहेज की मांग पूरी करने में असमर्थता जताई तो उसे ससुराल वालों ने घर से निकाल दिया। साथ ही फरमान सुना दिया कि 10 लाख रूपये और कार लाओगी, तभी घर आना। युवती मायके में जाकर रहने लगी थी। इस बीच 20 जनवरी 2021 को हारिश ने एक तरफा तलाक का नोटिस युवती के घर भिजवा दिया। नोटिस मिलने के बाद युवती और उसके परिवार वालों ने शादी नहीं तोड़ने के लिए हारिश और उसके परिवार से काफी मिन्नतें की, लेकिन वे लोग नहीं पसीजे। अंततः युवती ने परिवार वालों के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज करा दी।



# चीता परियोजना के लिए मध्य प्रदेश पर मोहर, नवंबर में आएंगे 14 चीते

### चीता परियोजना के लिए मध्य प्रदेश पर मोहर, नवंबर में आएंगे 14 चीते

भोपाल। दक्षिण अफ्रीका से लाए जा रहे चीतों का ठिकाना मध्य प्रदेश ही होगा। भारत सरकार ने इस पर मोहर लगा दी है। वन विभाग को बुधवार को राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) का सहमति पत्र मिल गया है। पहले चरण में नवंबर अंत तक 14 चीते लाए जाएंगे, जो कूनो पालपुर नेशनल पार्क में ही बसाए जाएंगे। पार्क में प्रारंभिक तैयारियों के लिए भारत सरकार 14 करोड़ रुपये देगी। इस राशि के मिलने की प्रत्याशा में पार्क प्रबंधन ने तैयारी शुरू कर दी है।देश में 73 साल बाद चीते की वापसी हो रही है। सुप्रीम कोर्ट की साधिकार समिति की उप समिति ने मध्य प्रदेश के साथ झारखंड और राजस्थान में भी चीता को बसाने की संभावनाएं तलाश की थीं, पर सबसे मुफीद जगह कूनो पालपुर पाई गई। वैज्ञानिकों ने पार्क की जलवायु और भौगोलिक स्थिति को पूरी तरह से चीता के अनुकूल बताया था। इसे देखते हुए भारत सरकार ने चीतों को कूनो में बसाने की मंजूरी दे दी। दक्षिण अफ्रीका से चीता लाने की जिम्मेदारी लुप्तप्राय वन्यजीव ट्रस्ट, मध्य प्रदेश वन विभाग, राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण और भारतीय वन्यजीव संस्थान को सौंपी गई है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1947 में ली गई सरगुजा महाराज रामानुशरण सिंह के साथ चीते की तस्वीर को आखिरी माना जाता है। वर्ष 1952 में भारत सरकार ने चीते को विलुप्त जीव घोषित कर दिया था।



### अप्रैल में आए थे विशेषज्ञ

भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. वाईबी झाला सहित अन्य वैज्ञानिक कूनो को चीता के लिए मुफीद मान चुके हैं, पर चीता देने से पहले दक्षिण अफ्रीका के विशेषज्ञ यहां की व्यवस्थाएं देखना चाहते थे। 26 अप्रैल को वहां से विशेषज्ञ विंसेंट आए थे, जिन्होंने दो दिन रुककर पूरी व्यवस्था देखी और सहमति दी। वहीं भारत के वैज्ञानिकों का दल पार्क में लगातार अध्ययन कररहा है।

### सुप्रीम कोर्ट ने दी मंजूरी

गुजरात के गिर अभयारण्य से बब्बर शेर न मिलने की स्थिति में भारत सरकार ने वर्ष 2010 में कूनो में चीता बसाने की योजना बनाई थी। इसके खिलाफ एक याचिका दायर होने के कारण कोर्ट ने योजना पर रोक लगा दी थी। सुनवाई पूरी होने के बाद जनवरी 2020 में सुप्रीम कोर्ट ने इसे मंजूरी देते हुए साधिकार समिति को निगरानी का जिम्मा सौंपा था।

### एनटीसीए ने जारी की टाइम लाइन

कूनो में विशेष बाड़े का निर्माण शुरू, जो अगस्त तक पूरा होगा। एनटीसीए जून में जरूरी इंतजामों के लिए राशि जारी करेगा। एनटीसीए की टीम जून-जुलाई में निरीक्षण करेगी और प्रशिक्षण देगी।14 चीता लाने के लिए जून-जुलाई तक आयात-सीमा शुल्क जमा कर परमिट लिया जाएगा। जुलाई तक टेलीमेट्री उपकरण खरीदे जाएंगे। सितंबर-अक्टूबर में दक्षिण अफ्रीका जाकर चीता लाने की प्रक्रिया शुरू होगी। इसी दौरान टीकाकरण होगा। जुलाई में चीता लाने के लिए पिंजरे खरीदे जाएंगे।अक्टूबर-नवंबर में अंतरराष्ट्रीय परिवहन होगा।

**मप्र के श्योपुर जिले का कूनो पालपुर नेशनल पार्क बनेगा देश में पहला ठिकाना।राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण ने जारी की टाइम लाइन।**

# जनता कर्फ्यू का उल्लंघन करने वाले 25 लोगों को पहुंचाया अस्थाई जेल, समझाइश देकर छोडा

**भोपाल।** जनता कर्फ्यू का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध प्रतिदिन कार्यवाही की जा रही है। इसके चलते बुधवार को बैरसिया तहसील के नजीराबाद में थाना प्रभारी भरत प्रताप सिंह ने कोरोना की गाइडलाइन का उलंघन करने वाले 25 लोगों पर मास्क नहीं लगाने पर कार्यवाही की। वे लोग अलग- अलग रास्तों पर सड़कों पर बेवजह घूम रहे थे। बेवजह घूमते पाए जाने पर 25 लोगो को थाना परिसर में खुली जेल में रखा गया और जिन्हें समझाईश देकर छोड़ा गया। वहीं मास्क न लगाने पर तीन लोगों पर धारा 188 के तहत कार्रवाई की गई। इस दौरान सभी को समझाइश दी गई

# बिजली बिलों में गड़बड़ी से बचने खुद रीडिंग ले रहे उपभोक्ता



### फोटो खींच लें

मीटर में रीडिंग डिस्प्ले होते समय का फोटो खींच लें। मीटर रीडिंग का फोटो कंपनी के उपाए एप पर सेल्फ रीडिंग वाले विकल्प पर जाकर अपलोड करना होगा। वह कंपनी के पास चला जाता है। अप्रैल 21 में सेल्फ रीडिंग की स्थिति 656 उपभोक्ताओं ने खुद रीरिडंग लेकर कंपनी को भेजी 429 उपभोक्ताओं द्वारा ली रीडिंग सही पाई गई 227 उपभोक्ता ठीक से निर्धारित समय में रीडिंग नहीं ले सके ।

**भोपाल।** बिजली बिलों में गड़बड़ी से बचने के लिए उपभोक्ता खुद मीटर रीडिंग की तरफ बढ़ रहे हैं। मई माह में बुधवार तक 1920 उपभोक्ताओं ने खुद रीडिंग लेकर कंपनी को भेज दी है। इसमें से 1509 उपभोक्ताओं की रीडिंग को कंपनी ने सही माना और सुधार किया है। इसके पूर्व अप्रैल माह में सिर्फ 656 उपभोक्ताओं ने ही खुद से रीडिंग ली थी। बिजली कंपनी ने खुद से रीडिंग लेने यानी सेल्फ रीडिंग का विकल्प एक से डेढ़ साल पहले दिया था लेकिन उपयोग कम हो रहा है। लॉकडाउन में यह विकल्प उपभोक्ताओं को बिलों में सुधार के लिए कारगर समझ में आया और इसका उपयोग मामूली है। हालांकि शहर में 4.50 लाख उपभोक्ता है इसकी तुलना में सिर्फ 1920 द्वारा ही सेल्फ रीडिंग ली है। 471 ने समय पर नहीं ली रीडिंग अप्रैल माह में 227 और मई माह में अब तक 242 उपभोक्ताओं ने तय समय में सेल्फ रीडिंग नहीं ली। इस वजह से कंपनी ने उनकी रीडिंग को अमान्य कर दिया है। प्रत्येक माह के बिजली बिल में रीडिंग लेने की तारीख दर्ज होती है। घरों में रखे बीते माह के बिजली बिलों में भी रीडिंग लेने की तारीख दर्ज है। उपभोक्ता उस तारीख के दो दिन बाद तक कभी भी खुद से रीडिंग ले सकते हैं।

### 19 मई तक सेल्फ रीडिंग की स्थिति

-1920 उपभोक्ताओं ने खुद रीडिंग ली 1509 उपभोक्ताओं द्वारा ली गई रीडिंग सही पाई गई 242 उपभोक्ता ठीक से निर्धारित समय में रीडिंग नहीं ले सके169 उपभोक्ताओं द्वारा ली रीडिंग की जांच होनी बाकी

-शहर में उपभोक्ता 4.50 लाख उपभोक्ता भोपाल शहर में है 4.05 लाख उपभोक्ता घरेलू है 2405 उपभोक्ता औद्योगिक उपयोग के लिए बिजली लेते हैं

-शहर में बिजली की खपत 1877 लाख यूनिट बिजली एक माह में खपत होती है

### उपभोक्ता को गलत बिल न जाए

सेल्फ रीडिंग के प्रति उपभोक्ताओं का रूझान बढ़ा है। हमारे अधिकारी, कर्मचारी पूरी कोशिश करते हैं कि किसी भी उपभोक्ता को गलत बिल न जाए। फिर भी कई बार कमियां सामने आती है। ऐसी स्थिति से बचने के लिए उपभोक्ता बिजली दफ्तर का चक्कर लगाने की बजाए सेल्फ रीडिंग के विकल्प का उपयोग कर सकते हैं।

**— एपी सिंह, जीएम सिटी सर्किल, मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी**

# अतिरिक्त यातायात क्लियर करने अनेक ट्रेनों की अवधि में विस्तार

**जबलपुर, यशभारत।** रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए अतिरिक्त यातायात क्लीयर करने के उद्देश्य से कई समर स्पेशल ट्रेनें चला रही है। मध्य रेलवे से प्रारम्भ होने वाली समर स्पेशल ट्रेनों की अवधि में विस्तार कर कई और ट्रिप चलाने का निर्णय लिया गया है। इसमें से कई समर स्पेशल ट्रेनें पश्चिम मध्य रेलवे से होकर गुजरेगी। अतिरिक्त स्पेशल ट्रेन अपने निर्धारित तिथि और समय सारीणी के साथ चलेगी। बढ़ी हुई अवधि में समर स्पेशल ट्रेनों के कॉम्पोजिशन में परिवर्तन किया गया है। बड़ी हुई अवधि में पश्चिम मध्य रेल से गुजरने वाली समर स्पेशल ट्रेन की जानकारी निम्न है

गाड़ी संख्या 01329/01330 पुणे-गोरखपुर-पुणे स्पेशल ट्रेन को पुणे से दिनाँक 22.05.2021, 25.05.2021 27.05.2021 एवं 29.05.2021 और गोरखपुर से दिनाँक 24.05.2021, 27.05.2021, 29.05.2021 एवं 31.05.2021को चार ट्रिप के लिए।गाड़ी संख्या 01331/01332 पुणे-दानापुर-पुणे स्पेशल ट्रेन को पुणे से दिनाँक 21.05.2021, 24.05.2021, 28.05.2021 एवं 31.05.2021और दानापुर से दिनाँक 22.05.2021, 25.05.2021, 29.05.2021 एवं 01.06.2021 को चार ट्रिप के लिए।गाड़ी संख्या 01333/01334 पुणे-दरभंगा-पुणे स्पेशल ट्रेन को पुणे से दिनांक 26.05.2021 को और दरभंगा से दिनाँक 28.05.2021 को एक ट्रिप के लिए।गाड़ी संख्या 01335/01336 पुणे-भागलपुर-पुणे स्पेशल ट्रेन को पुणे से दिनाँक 23.05.2021 एवं 30.05.2021 और भागलपुर से दिनाँक 25.05.2021 एवं 01.06.2021 को दो ट्रिप के लिए।ये गाड़ियां परिवर्तित कॉम्पोजिशन 02 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 11 शयनयान श्रेणी, 04 सामान्य श्रेणी एवं 02 एसएलआरडी सहित कुल 19 कोचों के साथ चलेगी। गाड़ी संख्या 01359/01360 सीएसएमटी-गोरखपुर सीएसएमटी स्पेशल ट्रेन को सीएसएमटी से दिनाँक 21.05.2021, 23.05.2021, 24.05.2021, 26.05.2021, 28.05.2021, 30.05.2021 एवं 31.05.2021 और गोरखपुर से दिनाँक 23.05.2021, 25.05.2021, 26.05.2021, 28.05.2021, 30.05.2021, 01.06.2021 एवं 02.06.2021 को सात ट्रिप के लिए। गाड़ी संख्या 01361/01362 सीएसएमटी-दानापुर-सीएसएमटी स्पेशल ट्रेन की सीएसएमटी से दिनाँक 27.05.2021 और दानापुर से दिनाँक 28.05.2021 को एक ट्रिप के लिए। गाड़ी संख्या 01363/01364 सीएसएमटी-दरभंगा-सीएसएमटी स्पेशल ट्रेन को सीएसएमटी से दिनाँक 25.05.2021 और दरभंगा से दिनाँक 27.05.2021 को एक ट्रिप के लिए।गाड़ी संख्या 01365/01366 सीएसएमटी-छपरा-सीएसएमटी स्पेशल ट्रेन को सीएसएमटी से दिनाँक 22.05.2021 एवं 29.05.2021 और छपरा से 24.05.2021 एवं 31.05.2021 को दो ट्रिप के लिए।ये गाड़ियां परिवर्तित कॉम्पोजिशन 04 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी , 10 शयनयान श्रेणी, 05 सामान्य श्रेणी एवं 02 एसएलआरडी सहित कुल 21 कोचों के साथ चलेगी। यह गाडी पूर्णतः आरक्षित है, अतः इनमें कन्फर्म टिकटधारी यात्रियों को ही यात्रा करने की अनुमति है।

# 18+ वैक्सीनेशन:सेंटर्स में टीका लेने के लिए दिखा उत्साह



## खुशी... अब कोरोना को हराने में आसानी होगी, जान को खतरा नहीं

**सिहोरा।** 18+ वालों का इंतजार बुधवार को वैक्सीन के पहले डोज के साथ खत्म हुआ। लोगों में टीका लेने का उत्साह पहले से ही था, जो बुधवार को भी देखने को मिला। वैक्सीनेशन के लिए 200 लोगों की स्लॉट की बुकिंग की गई थी वहीं, वहीं बुधवार को को मात्र तीन घंटे में शहरी केंद्र पर 60 युवाओं ने वैक्सीनेशन करा लिया। मौसम की खराबी के चलते विद्युत अवरोध उत्पन्न होने के कारण काफी देर तक वैक्सीनेशन का कार्य प्रभावित रहा। विकासखंड स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राघवेंद्र त्रिपाठी से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड में आज कुल 391 लोगों को टीका लगाया गया है जिसमें 18 से 44 आयु वर्ग के 131 युवाओं को वैक्सीन का फस्ट डोज सहित 45 प्लस के 258 लोगों को वैक्सीन का सेकंड डोज लगाया गया।

### 421 रेपिड टेस्ट में 5 पाजिटिव

ब्लाक प्रोग्राम मेनेजर श्वेता कोष्टा ने बताया कि कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु जारी प्रोटोकॉल एवं लगातार वैक्सीनेशन से नगर में धीमी पड़ी संक्रमण की रफ्तार के चलते आज सिहोरा नगर एवं ग्रामीण सहित कुल 5 लोगों की कोविड-19 रिपोर्ट पॉजिटिव आई है वहीं अगर बात सिहोरा विकासखंड की की जाए तो आज किए गए 421 रैपिड एंटीजन टेस्ट में 5 व्यक्तियों की रिपोर्ट कोविड-19 पॉजिटिव आई है।

### किल कोरोना –874 घरों का हुआ सर्वे

प्रदेश सहित नगर में 7 मई से 25 मई तक किल कोरोना अभियान 3 के अंतर्गत चल रहे सर्वे के दौरान सिहोरा नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत 18 वार्डों में निवासरत 874 घरों का सर्वे किया गया सर्वे में 16 लोगों को सर्दी खांसी की शिकायत होने पर मेडिकल किट प्रदान की गई है।

### कंट्रोल रूम कर रहा स्वास्थ्य की निगरानी

मुख्य नगरपालिका अधिकारी जय श्री चौहान से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोरोना संक्रमण की रोकथाम हेतु बनाए गए कोरोना कंट्रोल रूम से प्रतिदिन दूरभाष के माध्यम से नगर वासियों के स्वास्थ्य संबंधी आंकड़े संग्रहित किए जा रहे हैं आज नगर के 370 व्यक्तियों से दूरभाष पर संपर्क किया गया जिसमें से 14 व्यक्तियों के अस्वस्थ पाए जाने पर उन्हें होम आइसोलेट कर मेडिकल किट प्रदान की गई।

# कोविड वेव 2 सिहोरा अस्पताल की सहायता हेतु विदेशों से उठे हाथ

**सिहोरा ।** संकट की इन विपरीत परिस्थितियों में विदेशों में रह रहे भारतीय भी सहायता के लिए आगे आ रहे हैं । भारत के केन्द्र बिंदु, इस छोटे से नगर के नवयुवक विश्व के विभिन्न देशों में कार्यरत हैं और उन्होंने ने विदेशों में ही रहने वाले मध्य प्रदेश के अन्य भाइयों-बहनों के साथ मिलकर शासकीय चिकित्सालय सिहोरा में आवश्यक मेडिकल उपकरण वितरित करने का निर्णय लिया है । और यह विदेशों में रह रहे सिहोरा के बच्चों की मातृभूमि के प्रति ललक स्नेह और प्यार को भी दर्शाता है ।

### फ्रेन्डस ऑफ एमपी, हेल्प सेव द विलेज

अमेरिका में बसे मध्यप्रदेश के नागरिकों के द्वारा बनाया गया एक स्वयं सेवक समूह है जिसका उद्देश्य मध्यप्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में कोविड महामारी से लड़ने के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना है । सिहोरा वेलफ़ेयर फ़ाउंडेशन के साथ मिलकर शासकीय चिकित्सालय सिहोरा को भी सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया है । सूत्रों के अनुसार सिहोरा वेलफ़ेयर फ़ाउंडेशन व फ़्रेंड्स ऑफ एमपी, हेल्प सेव द विलेज ने संयुक्त रूप से लगभग 5 लाख रू एकत्रित कर 2 आक्सीजन कान्सनट्रेटरस, 5 पैरा मानिटरस, निम्बूलाइजरस, ऑक्सीमीटरस आदि उपलब्ध कराने का प्रबंध किया है जिनमें से दो पैरा मॉनिटरस, निम्बूलाइजरस, ऑक्सीमीटरस आदि दिये जा चुके हैं व अन्य कुछ दिनों में आ जायेंगे । आधिकारिक तौर पर 19 मई 2020 को स्थापित सिहोरा वेलफेयर फाउंडेशन संगठन का मूल उद्देश्य सिहोरा के प्रति आत्मीय स्नेह रखने वाले मित्रों को एकजुट करना और विश्व में कहीं पर भी रहते हुए सेवा कार्यों में सहयोग के अवसर और मंच प्रदान करना है ।

# रिलायंस सीबीएम के इन कामों में ठेकेदारों की मनमानी साख पर लगा रही बट्टा



**शहड़ोल।**जिले में रिलायंस सीबीएम प्रोजेक्ट बीते 11 वर्षों से संचालित है, जिले में इस? प्रोजेक्ट की स्थापना के दौर में जहां कई विरोध हुये वहीं कुछ ऐसे भी जनप्रतिनिधि और पंचायते थी जो इस प्रोजेक्ट के कर्ताधर्ताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहे, उनका मानना था कि इस प्रोजेक्ट की स्थापना से क्षेत्र का विकाश होगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार की अपार संभावनायें बढ़ेगी।? समय रहते रिलायंस नें इस दिशा में ध्यान भी दिया और स्थानीय स्तर पर लोगों को उनकी योग्यता और कार्यकुशलता के हिसाब से? रोजगार भी मिले। प्रोजेक्ट की स्थापना के लिये कई ऐसी कंपनियां आई जिनमें स्थानीय स्तर पर आमजन को किसी ना किसी रुप से रोजगार मुहैया कराया गया। इसके साथ रिलायंस द्वारा उसके क्षेत्र के प्रभावित ग्रामों में सीएसआर के तहत कई पेयजल, सड़क, सांस्कृतिक मंच, शौचालय, स्कूल, सड़क जैसी तमाम व्यवस्थायों के लिये लाखों - करोड़ों रुपये खर्च भी किये गये जिससे इन गांवो में विकाश हुआ। इतना ही नहीं रिलायंस के आला- अधिकारी समय - समय पर प्रभावित गांवों के जन प्रतिनिधियों से लेकर स्थानीय लोगों से मुलाकात कर स्थानीय समस्याओं को दूर भी करते रहे हैं। लेकिन बीते कुछ दिनों से रिलायंस में कार्यरत कुछ ठेकेदारों की कार्यप्रणाली से प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों में असंतोष फैल रहा हैं, जिससे रिलायंस की साख पर बट्टा लग रहा है। स्थानीय स्तर पर कुछ लोगों नें बताया कि रिलायंस जैसी बड़ी इंडस्ट्रीज में कार्यरत कुछ ठेकेदारों की मनमानी इन दिनों चरम पर हैं। लगातार हो रहे कामों में स्थानीय स्तर पर इस कोरोना काल में रोजगार का संकट हैं। स्थानीय सैकड़ों बेरोजगार मजदूर हैं जिन्हें काम की दरकार है वहीं रिलायंस में कई कार्य संचालित हैं जिनमें मजदूरों की आवश्यकता होती है लेकिन ठेकेदार स्थानीय मजदूरों को काम न देकर इन कार्यों में बाहरी लोगों को बढ़ावा दे रहे हैं। दूसरी तरफ ग्राम पंचायत क्षेत्र से लगातार बिना किसी अनुमति के ठेकेदारों द्वारा मिट्टी, मुरुम, पत्थर का अवैध तरह से उत्खनन व परिवहन कराया जा रहा है, जिससे इन ठेकेदारों द्वारा लाखों रुपये के राजस्व का चूना सरकार को लगाया जा रहा है। खास बात यह भी है कि उक्त ठेकेदार इन कार्यों के लिये कंपनी से इन सामग्रियों के नाम पर लाखों रुपये? की रॉयल्टी का पूरा भुगतान भी प्राप्त करते हैं। गौरतलब यह भी है कि पकरिया पंचायत? क्षेत्र में रिलायंस द्वारा कई बेल बनाये जा रहे हैं। कंपनी की साख को बचानें को लिये इनके निर्माण के लिये पहुंच रहे मटेरियल की जांच कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किया जाना आवश्यक हैं क्योंकि स्थानीय स्तर पर ना ही कोई मुरुम खदान है और ना ही बोल्डर खदान लेकिन लगातार पंचायत क्षेत्र से इनका उत्खनन कर परिवहन किया जा रहा है,जो इन ठेकेदारों की कार्यप्रणाली को स्पष्ट करता नजर आ रहा है।

# ग्राम पंचायत दोहरा कार्यालय में कोरोना क्राइसिस की बैठक



**अनूपपुर।** ग्राम पंचायत देवहरा कार्यालय में कोरोना क्राइसिस की बैठक 19/05/2021को आयोजित हुई जिसमें ग्राम पंचायत देवहरा सरपंच श्री यदुराज पनिका, सचिव श्री मनोज राठौर, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता श्री आनंद तिवारी, श्री गुड्डू तिवारी, समाजसेवी डॉ राज तिवारी, कोरोना वालेंटियर श्री ब्रजकांत तिवारी, श्री अनिल मिश्रा, श्री सुनित कुमार सिंह, पंचायत में सभी कार्यरत,हरू आंगनबा?ी कार्यकर्ता, सहायिका, आशा कार्यकर्ता उपस्थित थे, बैठक में माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा चलाये जा रहे फ्रकिल कोरोनाफ्र अभियान अंतर्गत घर घर जाकर स्क्रीनिंग किये गए परिवारों के रिकार्ड का अवलोकन किया गया, जिसमे पंचायत में 50त्न घरों का सर्वे सम्पन हुआ जिसमें अब पॉजिटिव केस 0त्न है, जो पहले पॉजिटिव थे वे सब अभी इुद्दइुद्धद्ध1द्द है। बैठक में निर्णय लिया गया कि 3 दिनों के अंदर 50त्न बचे घरों का सर्वे कर पंचायत में रिकार्ड प्रस्तुत करें, स्क्रीनिंग में कोई भी जरूरत हो तो कोरोना वालेंटियर व पंचायत प्रतिनिधि से संपर्क करे , अगर किसी भी परिवार के व्यक्ति में कोई भी लक्षण जैसे सर्दी, खाशी, बुखार दिखे तो उनहे घर मे ही दवाई दे, लोगो को अधिक से अधिक टीकाकरण के लिए प्रेरित करे। पंचायत में निर्णय लिया गया कि साशन के नियमो का पालन करते हुए हमारे ग्राम पंचायत को जल्द से जल्द कोरोना मुक्त करना है।

# पनागर के शिक्षक सातवे वेतनमान के एरियर्स से वंचित

**पनागर /** म.प्र.तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के कार्यकारी जिला अध्यक्ष नरेन्द्र सेन ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि पनागर विकास खंड के अन्तर्गत बहुत से शिक्षकों को सातवे वेतनमान के एरियर्स की तीसरी और अंतिम किश्त का भुगतान आज दिनांक तक नही हुआ है कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव जवाहर केवट, रमाकात पटैल, राजेन्द्र खरे ,संजय पटेल, अरविन्द पाठक, प्रकाश सेन ,ओ पी तिवारी, कन्हैयालाल, भोलानाथसिंह ,राजेश बाजपेई ,डी के नेमा, नितिन अग्रवाल, कमलेश पटेल, दीपक सोनी ,कमल अहिरवार ,जालिम सिंह ,सुधीर तिवारी, सुधीर शर्मा ,धनेश शुक्ला, संजय अवस्थी, नंद किशोर पटैल, मनीष पटैल ,जी पी शुक्ला, इन्द्रकुमार मिश्रा, कमलेश व्यास, कमलेश कोरी, मिथलेश शुक्ला, हजारी लाल कोल, राजेश रमन रैकवार, राजकुमार यादव,राम प्रसाद पटेल,मनोज प्रजापति,आदि ने कलेक्टर से मांग की है कि शिक्षकों को केन्द्रीय वेतनमान के एरियर्स की तीसरी अंतिम किश्त का भुगतान शीघ्र किया जावे ।

# जिलेवासियों का होगा फ्री इलाज : जालम सिंह

## जबलपुर के स्मार्ट सिटी हॉस्पिटल को प्रदान किया वेंटिलेटर

**गोटेगांव।** संपूर्ण जिले में दिन पर दिन बढ़ते हुये कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर की रोकथाम के लिए पूर्व राज्यमंत्री नरसिंहपुर विधायक जालमसिंह पटैल लगातार कोशिश करने में जुटे हुए हैं मरीजों की देखरेख स्वास्थ्य लाभ हेतु नरसिंहपुर विधायक ने जबलपुर वेदीनगर में स्थित स्मार्टसिटी हॉस्पिटल में नरसिंहपुर गोटेगांव करेली गाडरवारा तेंदूखेड़ा सहित संपूर्ण क्षेत्र के भर्ती मरीजों के शीघ्र स्वास्थ्य होने के लिए एक वेंटिलेटर प्रदान किया हैं विधायक पटेल ने स्वास्थ्य सुविधाओं की झड़ी नरसिंहपुर जिलेवासियों की क्षेत्र की जनता के लिए स्वास्थ्य सुविधा दुरुस्त करने में जी–जान लगाकर जुट गए हैं इस काम में पूर्व राज्यमंत्री जालमसिंह पटैल के सुपुत्र युवानेता मणिनागेंद्र सिंह फ्रमोनूफ्र पटेल भी पीछे नहीं हैं वह भी जिले के लोगों की मदद के लिए हर संभव हर तरह से मदद करने में लगातार प्रयासरत हैं।

# सेवा भारती ने पुलिस एवं सफाई कर्मियों को कोरोना से बचाव की सामग्री वितरित की





**अनूपपुर ।** कोरोना महामारी में काफी लोग उदारता के साथ आगे आकर सेवा भाव का कार्य निरंतर कर रहे हैं ।उसी कड़ी में सेवा भारती अनूपपुर के द्वारा पुलिस कर्मियों एवं सफाई कर्मियों को सैनिटाइजर, कपूर, अजवाइन, लोंग की पुड़िया के साथ फल एवं पानी का वितरण किया गया ।इस अवसर पर सेवा भारती के जिला अध्यक्ष विवेक कुमार बियानी,कोषाध्यक्ष दिलीप शर्मा के साथ स्वयंसेवक गिरीश राठौर भी उपस्थित थे ।सेवा भारती के लोगों ने कोरोना से बचाव के तरीकों से पुलिसकर्मियों एवं सफाई कर्मियों को अवगत कराते हुए स्वयं एवं स्वयं के परिवार को सुरक्षित रखने की समझाइश दी ।उन्होंने कहा कि सभी अपने दायित्व की जिम्मेदारी निभाने का कार्य करें ।कोरोना की विपदा काल में भी सेवा भारती द्वारा किए जा रहे कार्यों के प्रति पुलिसकर्मियों एवं सफाई कर्मियों ने आभार व्यक्त किया ।सेवा भारती के जिला अध्यक्ष विवेक कुमार बियानी ने दोनों को ही समझाइश दी की घर परिवार के लोगों को अनावश्यक घरों से बाहर नहीं निकलने दे एवं स्वयं जब अपनी ड्यूटी पर निकले तो मास्क का प्रयोग निरंतर करके रखें क्योंकि यह वायरस कभी भी किसी के पास भी आ सकता है इसलिए पूरी सावधानी रखें ।एवं घर पहुंच कर गरम पानी,आयुष काढ़ा, हाथों को सैनिटाइजर एवं साबुन से हाथ धोने का कार्य करें ।कपड़े प्रतिदिन धोने के बाद ही पहने जिससे स्वयं का एवं घर परिवार का बचाव हो सके।

# कुंडम चेक पोस्ट में हुई जांच दो मिले पॉजिटिव



**कुंडम।** डिंडोरी मार्ग में तहसील तिराहा एवं पड़रिया मैं कोविड-19 की जांच के लिए विगत दिवस तहसीलदार प्रदीप कौरव द्वारा बनाए गए चेकपोस्ट का आज कुंडम तहसीलदार प्रदीप कौरव थाना प्रभारी प्रताप सिंह मरकाम ने निरीक्षण किया इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा टू व्हीलर फोर व्हीलर एवं समस्त आने जाने वाले वाहनों की कोरोना जांच की गई चेक पोस्ट में 198 टेस्ट हुए जिसमें दो पॉजिटिव मिले चेकपोस्ट पड़रिया में 80 लोगों की जांच हुई तहसीलदार ने बताया कि यह अभियान 30 तारीख तक चलेगा. तहसीलदार कुडम की राजस्व टीम के साथ बीएमओ सोनू शर्मा प्रभात सिंह ठाकुर सचिव अशोक कुमार साहू जगन लाल बर्मन आशीष तिवारी आशीष धुर्वे सुरेंद्र उईके आदि उपस्थित रहे।

# ताऊते से हुई झमाझम बारिश ,घरो में घुसा पानी

**सिहोरा ।** चक्रवात ताऊते प्रदेश के साथ-साथ संपूर्ण जिले में पूरी तरह सक्रिय है। बीते दिन मंगलवार एवं आज बुधवार को भी इसका असर दिखा। मंगलवार की शाम से लगातार बारिश का सिलसिला जारी रहा। जिसके चलते मई माह में भी सावन के एहसास के साथ-साथ मौसम में ठंडक बनी रही चक्रवाती तूफान के कारण हुई बारिश नगर की साफ सफाई व्यवस्था की पोल उजागर करके रख दिया अनेक स्थानों पर चोक पड़ी नालियों के कारण एंव रेस्ट हाउस के सामने वार्ड 10 में स्थित एक तलैया का पानी घरो में घुस गया इसकी शिकायत विजय कुमार रजक, अतुल बर्मन,राकेश विश्वकर्मा, शिव कुमार विश्वकर्मा ,अभिषेक बर्मन, शंभु प्रसाद रजक ,अनीता,सुनीता सहित वहां के लोगो ने नगर पालिका से की है । बारिश से अनेक स्थानो में जल भराव की स्थिति निर्मित हो गई नगर पालिका के अमले द्वारा सुबह अनेक स्थानों पर वृहद अभियान चलाकर पानी निकासी की व्यवस्था की गई।



### खरीदी केंद्र में भीगा कई क्विंटल गेहूं

भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष एडवोकेट रमेश पटेल ने बताया कि प्रशासन की लापरवाही के चलते खरीदी केंद्रों में खुले आसमान के नीचे पड़ा गया हूं गत दिवस हुई बारिश में भीग गया वेला सोसाइटी की खरीदी अन्नपूर्णा वेयरहाउस में की जा रही है जहां खुले आसमान के नीचे पड़ा लगभग एक हजार क्विंटल गेहूं अव्यवस्था की भेंट चढ़ गया।

### तेज हवा पानी से गिरे मकान

बारिश के साथ साथ तेज हवा के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में मकानों के धराशाई होने के समाचार प्राप्त हुए हैं घुटना निवासी के के दुबे ने बताया कि ग्राम रमखिरिया कटरा में खेत में बना मकान तेज हवा के कारण गिर गया है वही लगातार दो दिनों से हो रही बारिश के कारण खेतों में लगी उड़द मूंग की फसल जिनमें फूल आ चुके हैं उनमें नुकसान की आशंका व्यक्त की जा रही है।

# मुख्यमंत्री की घोषणा व खाद्य मंत्री के प्रयास को निरर्थक बनाने में लगे पंचायत कर्मी : धामेजा

**अनूपपुर-** इस भीषण महामारी काल के दौरान शिवराज सिंह चौहान द्वारा घोषणा की गई कि 3 महीने का राशन सभी पात्र परिवारों को समय से दिया जाए ताकि कोई भी परिवार अनाज के बिना भूखा ना रहे इसी दिशा में प्रदेश के खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री बिसाहूलाल सिंह ने भी अपने विभाग को पत्र जारी कर आदेश दिया कि समस्त पंचायतों को नगरीय निकाय में निवासरत पात्र परिवारों को तुरंत खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाए इस हेतु नई गाइडलाइन भी जारी की गई इसमें कई नई श्रेणी के पात्रों को भी जोड़ने का दिशा निर्देश जारी किया गया जिनके पास बीपीएल कार्ड नहीं है उनके अतिरिक्त 24 अन्य श्रेणी भी शामिल की गई जिन्हें तत्काल पात्रता पर्ची जारी कर खाद्यान्न वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए, नए गाइडलाइन के अनुसार जिन परिवारों को पात्रता पर्ची नहीं मिली है उन्हें एन एफ एस ए 2013 की गाइड लाइन के अनुसार अस्थाई पात्रता पर्ची जारी की जाए जिसकी अवधि भी मात्र 2 दिन तय की गई है ताकि जल्द से जल्द खाद्यान की व्यवस्था हो सके, जिन परिवारों को अस्थाई पात्रता पर्ची मिलना है उनके द्वारा आवेदन अपने स्थानीय निकाय या पंचायत में किया जाना है पंचायत के सचिव, रोजगार सहायक के द्वारा इस आवेदन का निरीक्षण कर दो दिवस के अंदर अस्थाई पात्रता पर्ची जारी किया जाना सुनिश्चित किया गया है किंतु अनूपपुर जिला अंतर्गत जैतहरी विकासखंड में स्थित बरगवां ग्राम पंचायत एक ऐसी पंचायत बन गई है जो इस महामारी में कई परिवारों को भूखे रहने पर मजबूर कर रही है यहां आवेदन लेने के लिए ना तो पंचायत में सचिव और ना ही रोजगार सहायक उपस्थित हैं भूखे व बेसहारा परिवार अब कहां जाएं इस बात की जानकारी सचिव से फोन के माध्यम से ली गई तो उसने अपने स्वास्थ्य का हवाला देकर उपस्थित ना होने की मजबूरी बताई जबकि रोजगार सहायक का फोन रिसीव नहीं हुआ ।अब प्रमुख बात यह आती है कि ये परिवार इस भीषण महामारी में सचिव व रोजगार सहायक के ना रहने पर कहां जाएं, किससे बात करें ।

# युवा वैक्सीन लगवाऐं ,भोजन , कसरत एवं निंद्रा का नीयम पालन करें : डॉ कसार

**जबलपुर। हिन्दू सेवा परिषद् विगत 1 वर्ष से कोरोना काल के दौरान आम जनमानस को कोरोना से बचने हेतु जागरूक करने फेसबुक के माध्यम से एक निरंतर कोरोना बचाव मिशनज्ज नामक वेबीनार आयोजित कर रहा है, जिसका आज दिनांक 18 मई 2021 को इस वेबीनार का 18वां अध्याय संपन्न हुआ जिसके आज मुख्य उद्बोधन थे ।**

डॉक्टर प्रदीप कुमार कसार जो कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज के डीन है ।वह कोरोना की शुरुआत से ही अभी तक निरंतर शहर में कोरोना से बचने हेतु मरीजों के लिए बहुत बड़ा योगदान दे रहे हैं।

आज उन्होंने अपने वेबीनार के इस वक्तव्य में कहा कि कोरोना संक्रमण जो है वह उन व्यक्तियों के लिए ज्यादा खतरनाक है जो पहले से अन्य बीमारियों से ग्रसित हैं जैसे डायबिटीज, किडनी, हृदय रोग, मोटापा आदि एवं जो बुजुर्ग हैं और बच्चे हैं ऐसे व्यक्ति अपने आप को घर पर सुरक्षित रखें और साथ ही सब लोग साधारण कपड़े के मास्क की वजह ह95 या सर्जिकल मास्क का उपयोग करें साथ ही किसी से मिलते वक्त 3 गज या उससे अधिक दूरी बनाकर रखें एवं अल्कोहल वाले सैनिटाइजर से अपने हाथों को साफ करते रहे । इस बीमारी का प्रवेश इंसान के शरीर में आंख, नाक, और मुंह के द्वारा होता है इसलिए इन्हें ढक कर रखें यदि किसी कारणवश आप को कोरोना बीमारी हो भी जाती है तो घबराने की आवश्यकता नहीं है घर के सभी लोगों से दूरी बनाकर अपने ऑक्सीजन लेवल को चेक करते रहें यदि 95त्न से कम आता है तो तुरंत चिकित्सक के पास जाएं एवं उपचार चालू कराएं और अपने ब्लड टेस्ट सीआरपी, सीबीसी, डि डैनर यह तीन टेस्ट कराएं ताकि इनके अनुसार उपचार चालू हो सके और ऑक्सीजन

## हिन्दू सेवा परिषद् के निरंतर कोरोना जागरूक्ता मिशन

लेवल मेंटेन रहे।

इसके अलावा उन्होंने हाल ही में आई बीमारी ब्लैक फंगस के विषय में जानकारी देते हुए कहा की यह बीमारी कोरोना के बिगड़ने के बाद आमतौर पर डायबिटीज के मरीजों को हो रही है क्योंकि ब्लड शुगर बढ़ने से शरीर की इम्यूनिटी इतनी कम हो जाती है कि उस मरीज को ब्लैक फंगस भी हो सकता है इस बीमारी में मरीज को साधारण छींक आती हैं चेहरे पर सूजन हो जाती है, आंखों के नीचे कालापन, कई बार नाक से काला पदार्थ बहने लगता है जो फंगस कहलाता है, चेहरे पर दर्द होता है कुछ मरीजों को देखने की क्षमता में कमी भी होने लगती है और यदि इस बीमारी में लापरवाही की गई तो मरीज को पूर्णता दिखना बंद भी हो सकता है। इस बीमारी से बचने के लिए कोरोना संक्रमित मरीज को समय समय पर अपना ब्लड शुगर नापते रहना चाहिए जोकि 200 के ऊपर ना जाए यदि 200 के ऊपर ब्लड शुगर जाता है तो मरीज को ब्लैक फंगस होने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। यदी ब्लैक फंगस के मरीज प्रारंभ में ही सही चिकित्सा लाभ ले लेते हैं तो इस बीमारी से बच सकते हैं वर्तमान में मेडिकल कॉलेज में 48 मरीज इस बीमारी के भर्ती हैं। साथ ही सभी युवाओं को वैक्सीनेशन कराने के लिए भी कहा उन्होंने सब अपने ऑनलाइन स्लॉट बुक कर वैक्सीनेशन का लाभ जरूर ले एवं कोरोना से प्रभावित व्यक्ति पॉजिटिव होने के 45 दिन बाद वैक्सीनेशन करा सकता है।

हिन्दू सेवा परिषद् के अतुल जेसवानी, सौरभ जैन, धीरज ज्ञानचंदानी, अक्षय झा, नितिन सोनपाली, पारस पहलवान एवं अन्य ने निरंतर जागरूक होने एवं करने की अपील की है।

## सूचना

यशभारत समाचार पत्र में प्रकाशित हाने वाले विविध विज्ञापनों के लेखों की जांच पड़ताल करने के बाद ही पाठक इस संबंध में आर्थिक व्यवहार करें, विज्ञापन में अपने उत्पादन के संदर्भ में या सेवा के संदर्भ में विज्ञापनदाता जो दावे पेश करते हैं, उनकी जवाबदारी, यशभारत समाचार पत्र नहीं देता, विज्ञापन में किये गये दावों की पूर्ति अगर विज्ञापनदाताओं द्वारा नहीं की जाती है तो उसके परिणाम के लिए यशभारत समाचार पत्र जिम्मेदार नहीं रहेगा।

# केप टाउन से निक्की तंबोली की देसी ब्वॉय के साथ तस्वीर वायरल



**खतरों के खिलाड़ी 11 की हॉट कंटेस्टेंट एक्ट्रेस निक्की तंबोली ने अपनी बिकिनी फोटो शेयर की हैं जिनमें वह समुंदर किनारे दो शर्टलेस देसी ब्यॉज के साथ पोज देती दिखाई दे रही हैं। इन फोटोज में तीनों खिलाड़ियों का अंदाज देखकर फैंस भी हैरान हैं।**

नई दिल्ली। खतरों के खिलाड़ी 11 को लेकर इन दिनों दर्शकों में काफी बज बना हुआ है। वहीं स्टार्स हाल ही में खतरों के खिलाड़ी 11 की शूटिंग के लिए साउथ अफ्रीका की राजधानी केपटाउन पहुंचे हैं। केपटाउन से लगातार सभी कंटेस्टेंट अपने फोटोज और वीडियो पोस्ट करते नजर आ रहे हैं। फैंस इन कंटेस्टेंट के लेटेस्ट अपडेट्ड का काफी बेसब्री से इंतजार करते हैं। इसी बीच अब शो की हॉट कंटेस्टेंट एक्ट्रेस निक्की तंबोली ने अपनी बिकिनी फोटो शेयर की हैं, जिनमें वह समुंदर किनारे दो शर्टलेस %देसी ब्यॉज% के साथ पोज देती दिखाई दे रही हैं। इन फोटोज में तीनों खिलाड़ियों का अंदाज देखकर फैंस भी हैरान हैं। यहां देखें निकी तंबोली का ये पोस्ट- निक्की तंबोली ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर खतरों के खिलाड़ी 11 के दो हॉट ब्यॉज के साथ तस्वीर पोस्ट की है, जो जबरदस्त सुर्खियों में आ गया है। इस तस्वीर में वह वरुण सूद और विशाल आदित्य सिंह के साथ दिखाई दे रही हैं। ये तीनों समुंदर के किनारे सिजलिंग अंदाज में पोज देते नजर आ रहे हैं। तस्वीर में आप देख सकते हैं जहां निक्की ब्लैक कलर की बिकिनी पहनी हुई दिख रही हैं। वहीं वरुण और विशाल दोनों ही शर्टलेस दिखाई दे रहे हैं। दोनों ही कैमरे की तरफ पीठ करके खड़े दिखाई दे रहे हैं। वहीं निक्की का फेस कैमरे की तरफ है। इस फोटो को शेयर करते हुए निक्की ने कैप्शन में लिखा, %केप टाउन में मेरे अपने देसी ब्यॉज वरुण सूद और विशाल आदित्य सिंह।% एक्ट्रेस की इस तस्वीर को फैंस बेहद पसंद कर रहे हैं। वहीं इस पर कमेंट कर कोई उन्हें हॉट बता रहा है, तो कोई बेहद ही खूबसूरत। अबतक इसे लाखों फैंस लाइक कर चुके हैं। आपको बता दें कि इससे पहले निक्की तंबोली ने अपनी रेड कलर की बॉडीकॉन ड्रेस में ग्लैमरस फोटोज शेयर की थीं जिसको लेकर वह काफी सुर्खियों में आ गईं थीं। इस ड्रेस में उनका अंदाज देख कर फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे थे। इन फोटोज के साथ निक्की ने कैप्शन में लिखा, 'चमत्कार अभिमानी प्राणी हैं, जो लोग विश्वास नहीं करते, उनके सामने वो खुद को प्रकट नहीं करते।% निक्की के इस पोस्ट और फोटो पर फैंस जमकर लाइक और कमेंट करते हुए उनकी तारीफ की थी।





## तीनों का सिजलिंग अंदाज देख फैंस भी हुए हैरान

# खुलकर फिलिस्तीन के समर्थन में उतरीं Gauhar Khan



एक्ट्रेर गौहर खान ने फिलिस्तीन का समर्थन किया है। गौहर ने सोशल मीडिया पर इजरायल का बहिष्कार करने की बात कही है। गौहर ने कुछ उत्पादों और उनकी कंपनी के नाम भी साझा किए हैं। गौहर का यह पोस्ट सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

नई दिल्ली कोरोना के अलवा इस समय जिसने पूरे विश्व क । ध्यान अपनी तरफ खींचा है वो है इजरायल और फिलिस्तीन के बीच चल रहा विवाद। कोई मुल्क इजरायल के साथ है तो कोई फिलिस्तीन के। भारत में भी लोग इस संधर्ष पर अपना-अपना मत और समर्थन दे रहे हैं। इसी बीच एक्ट्रेर गौहर खान ने फिलिस्तीन का समर्थन किया है। गौहर ने सोशल मीडिया पर इजरायल का बहिष्कार करने की बात कही है। गौहर ने कुछ उत्पादों और उनकी कंपनी के नाम भी साझा किए हैं। गौहर का यह पोस्ट सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। गौहर खान ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी सारी बातें खुलकर सामने रखी हैं। उन्होंने अपनी स्टोरी में स्पष्ट तौर पर लिखा है, अगर आप फिलिस्तीन पर हुए अत्याचारों के लिए दिल से दुखी हैं तो इन चीजों का बहिष्कार करें।

### कंगना भी रख चुकीं हैं अपनी राय

दरअसल, फिलिस्तीनी संगठन हमास और यरूशलम के बीच हिंसा ने पूरी दुनिया को चिंता में डाल दिया था। दोनों ओर से लगातार हुए हमलों से भारी तबाही का मंजर देखने को मिला था। इस भयावह मुद्दे पर कई फिल्मी सितारों समेत हॉलीवुड स्टार्स ने भी अपनी राय रखी थी। भारत में गौहर खान पहली सेलेब नहीं हैं इससे पहले भी कंगना रनोट, इरफान पठान ने सोशल मीडिया के जरिए अपनी बात कहीं।

### गौहर हुईं थी ट्रोल

कुछ दिनों पहले भी गौहर खान चर्चा में आ गई थीं जब उन्होंने अपने पति जैद दरबार संग एक वीडियो शेयर किया था। इस वीडियो में गौहर जैद के पैरों पर लेटीं नजर आ रहीं थीं।बस फिर क्या था कुछ लोगों ने गौहर को ट्रोल करना शुरू कर दिया। लोगों कहना था कि %इस्लाम में महिला की जगह मर्द के पैरों में होती है।

### गौहर ने दिया मुंहतोड़ जवाब

इसपर गौहर खान ने भी मुंहतोड़ जवाब दिया था। उन्होंने कहा था, %नहीं इसे दोस्ती, प्यार, साथ और आराम कहते हैं। इस्लाम में औरतों को ना पुरुष से ऊपर बताया गया है और ना ही नीचे बल्कि वो पुरुष के बराबर होती हैं जिससे वो उसके दिल के करीब रह सकें। कुछ बोलने से पहले सीखो%

# खेतों में कराया सिजलिंग फोटोशूट
## हरियाणवी डांसर के हुस्न पर फिदा हुए फैंस





**सपना सोशल मीडिया पर जबरदस्त एक्टिव रहती हैं। वह अक्सर अपनी लेटेस्ट तस्वीरें और वीडियो फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं। सपना का हर स्टाइल उनके फैंस को दीवाना बनाता है। यही कारण है कि उन्हें सोशल मीडिया पर लाखों लोग फॉलो करते हैं।**

नई दिल्ली। सोशल मीडिया क्वीन और हरियाणा की जान यानी डांसर सपना चौधरी का हर अंदाज देखते ही देखते वायरल हो जाता है। डांस और एक्टिंग के अलावा सपना सोशल मीडिया पर भी अपनी अदाओं का जलवा बिखेरती रहती हैं। सपना सोशल मीडिया पर जबरदस्त एक्टिव रहती हैं। वह अक्सर अपनी लेटेस्ट तस्वीरें और वीडियो फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं। सपना का हर स्टाइल उनके फैंस को दीवाना बनाता है। यही कारण है कि उन्हें सोशल मीडिया पर लाखों लोग फॉलो करते हैं। इसी बीच अब सपना चौधरी की कुछ लेटेस्ट तस्वीरें सोशल मीडिया पर धमाल मचा रहा है। सपना चौधरी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी कई सारी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में एक बार फिर सपना खेतों में इठलाती नजर आ रही हैं। दरअसल, सपना ने इनदिनों गांव में अपना वक्त बिता रहीं हैं। वहीं वह खेतों में फोटोशूट कराती नजर आ रही हैं। तस्वीरों में आप देख सकते हैं कि सपना ने लेपर्ड प्रिंट की साड़ी में बेहद सिजलिंग अंदाज में फोटोशूट कराया है। वह कभी खेतों में अपना पल्लू सिर पर रखे तो कभी हवा में लहराती नजर आ रही हैं। इस दौरान वाकई में सपना बेहद ही खूबसूरत नजर आ रही हैं। इसके सा?थ ही उन्होंने हॉट डीप नेक ब्लाउज पहना है। जिसमें उनके बैक का टैटू साफ नजर आ रहा है। इन तस्वीरों के सपना के फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। वहीं इस पर लगातार कमेंट कर वह सपना की जमकर तारीफ कर रहे हैं। अबतक इन तस्वीरों के काफी लाइक्स मिल चुके हैं। सपना चौधरी के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह इन दिनों एंड टीवी के एक क्राइम शो %मौका-ए-वारदात%में रवि किशन और मनोज तिवारी के साथ शो को होस्त करती हुई भी नज़र आ रही हैं। इसके अलावा सपना ने हरियाणवी इंडस्ट्री के साथ, भोजपुरी, पंजाबी और बॉलीवुड इंडस्ट्री में भी काम किया है। उन्होंने बॉलीवुड में %दोस्ती के साइड इफेक्ट्स% फिल्म से डेब्यू किया था। बता दें कि सपना चौधरी %बिग बॉस 11% का हिस्सा रह चुकी हैं।

# The Family Man 2 के ट्रेलर पर सामंथा अक्किनेनी के पति नागा चैतन्य ने दिया रिएक्शन,



**मनोज बाजपेयी की अपकमिंग सीरीज़ 'द फैमिली मैन 2' का ट्रेलर कल यानी 19 मई को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेज़न प्राइम वीडियो पर रिलीज़ कर दिया गया है। ट्रेलर को लेकर फैंस की काफी अच्छी प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं।**

नई दिल्ल। मनोज बाजपेयी की अपकमिंग सीरीज़ 'द फैमिली मैन 2' का ट्रेलर कल यानी 19 मई को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेज़न प्राइम वीडियो पर रिलीज़ कर दिया गया है। ट्रेलर को लेकर फैंस की काफी अच्छी प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। इस बार फैंस के लिए ये सीरीज और भी खास होने वाली है, क्योंकि %द फैमिली मैन 2% में मनोज बाजपेयी के साथ साउथ फिल्म इंडस्ट्री की जानीमानी एक्ट्रेस सामंधा अक्कीनेनी भी नज़र आ रही हैं जिन्हें देखने के लिए फैंस काफी एक्साइटेड हैं। हालांकि दूसरी तरफ फैंस सामंथा को आतंकवादी का रोल देने के लिए नाराज़ भी हैं। इस बीच ट्रेलर सामंथा के पति और साउथ इंडियन एक्टर नागा चैतन्य ने भी रिएक्शन दिया है। नागा चेतन्य ने अपनी पत्नी की एक्टिंग से इम्प्रेस होकर ट्रेलर को 10 में से 10 नंबर दिए हैं। दरअसल, सामंथा ने ट्विटर हैंडल से ट्रेलर ट्वीट करते हुए लिखा, %उम्मीद है आपको पसंद आएगा। द फैमिली मैन 2 का ट्रेलर रिलीज हो चुका है।% इसके साथ एक्ट्रेस ने दिल की इमोजी शेयर की। सामंथा के ट्वीट को नागा ने रीट्वीट करते हुए लिखा, 'प्यारा लगा 10/10%। सामंथा ट्वीट पर कमेंट कर के भी लोग उनकी तारीफ कर रहे हैं।

# नकली इंजेक्शन कांड

# मोखा की पत्नी-मैनेजर को भेजा गया जेल

## गार्डन और लोहिया पुल से मिली एक सैंकड़ा से ज्यादा इंजेक्शन की टूटी शीशियां



**तगाड़ी में रखकर जलाया इंजेक्शन स्टॉक रजिस्टर**





मोखा के आलीशान बंगले का बगीचा

इसी पुल के नीचे मिली टूटी शीशियां



**जबलपुर, यशभारत। नकली इंजेक्शन मामले के मुख्य आरोप सिटी अस्पताल के संचालक सरबजीत सिंह मोखा की पत्नी और मैनेजर की रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद दोनों को जेल दाखिल किया जाएगा। पुलिस की जानकारी के अनुसार पत्नी और अस्पताल की मैनेजर को रिमांड में लिया गया था जिसकी अवधि समाप्त हो गई और दोनों को जेल दाखिल कर दिया जाएगा।**

पुलिस के विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सिटी अस्पताल के संचालक सरबजीत सिंह मोखा घर के गार्डन और लोहिया पुल से एसआईटी टीम को 100 से ज्यादा ऐसे इंजेक्शनों की शीशिशं बरामद हुई हैं जो डिस्पोज की गई थी। इधर एसआईटी टीम को अहम सुराग हाथ लगा है। मोखा की पत्नी ने इंजेक्शन स्टॉक रजिस्टार को जलाकर राख कर दिया है। पत्नी ने जिस तगाड़ी में रखकर रजिस्टर जलाया था, एसआईटी टीम ने उसे जप्त कर लिया है। इसके साथ ही 3 मोबाइल, 2 सोनिया और 1 मोखा की पत्नी से जब्त किए हैं जिन्हें आज कोर्ट में पेश किया जाएगा।

### मोखा बेटे की बंदूकों का लायसेंस होगा निरस्त

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने बताया कि मोखा के बेटे की तलाश जारी है। एसआईटी की टीम ने कई स्थानों पर दबिश दी है। इसके अलावा मोखा और उसके बेटे के जितने भी हथियार है उनके लायसेंस निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

**बैंक अकाउंट सीज होंगे**- मोखा और उसके परिवार पर एसआईटी का शिकंजा कसता जा रहा है। उसके परिजनों के बैंक अकाउंट, अस्पताल, प्लाट सहित चल-अचल संपत्ति का ब्यौरा जुटाने में लगी है। एसआईटी इसे सीज कर सकती है। नकली रेमडेसिविर मामले की जांच में जुटी एसआइटी को हर दिन नए प्रमाण मिल रहे हैं।

**अस्पताल के रिकार्ड होंगे जप्त**- अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने बताया कि सिटी अस्पताल के कम्प्यूटराइज्ड डाटा की जांच पड़ताल की जाएगी। डाटा रिकवर करने के लिए एक्सपर्ट की टीम करेगी। दो सदस्यीय टीम में एएसपी स्तर के एक अधिकारी हैं। कम्प्यूटर का हार्डवेयर जब्त कर टीम ले जाएगी। वहां डाटा रिकवर किया जाएगा। एसआईटी की जांच में यह एक अहम साक्ष्य साबित होगा।

### इंजेक्शन बिलों की जांच होगी

इस प्रकरण में एसआईटी की टीम कहीं से चूक नहीं करना चाहती है। आरोपियों के खिलाफ पुख्ता साक्ष्य एकत्रित करने के लिए टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। अब एसआईटी की टीम अस्पताल पहुंचकर एकाउंट और इंजेक्शन के लिए दिए गए बिलों की जांच करेगी। **फोटो- अशोक बर्मन**

### देवेश चौरसिया को फिर लिया जाएगा रिमांड में

सरबजीत सिंह मोखा के साथी देवेश चौरसिया की 5 दिन की रिमांड समाप्त हो गई है लेकिन देवेश चौरसिया की रिमांड एक बार फिर ली जाएगी। दरअसल गुजरात पुलिस इस पूरे प्रकरण में पूछताछ करने के लिए जल्द ही शहर पहुंचेगी जिसके बाद देवेश चौरसिया को दोबारा रिमांड में लिया जाएगा।



# पत्नी को लाठी से पीटकर उतारा मौत के घाट

## पति ने गुस्से में मुंह और सीने पर किये प्रहार



**जबलपुर,यशभारत।** बरेला गौर चौकी के पिपारिया घाट में आज सुबह-सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब गांव में रहने वाली 55 वर्षीय महिला की लाश घर की परछी में पड़ी मिली। देखते ही देखते लोगों को हुजूम लग गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भिजवाते हुए मर्ग को जांच में लिया और आरोपी को घर के पास से गिरफ्तार कर लिया। गौर चौकी प्रभारी नितिन पांडे ने बताया कि गौर चौकी थाना प्रभारी नितिन पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि पिपारिया घाट के कोटवार ने सूचना दी कि गांव में एक महिला की हत्या हो गई है। मौके पर जाकर देखा तो मजदूरी करने वाले खजांची बर्मन उम्र 65 वर्ष की पत्नी शांति बाई बर्मन अपने घर में मृत पड़ी हुई थी। परिजनों को सूचना दी गई तो पता चला कि शांति बाई और उसके पति खजांची बर्मन का विवाद रात में हुआ था इसके बाद पति ने गुस्से में आकर पत्नी को लाठियों से पीटना शुरू कर दिया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई।घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने परिजनों के बयान लिए।

### शराब का आदी था आरोपी

पुलिस ने बताया कि आरोपी शराब का आदी है इसलिए उसके घर में रोजाना झगड़ाहोता था। बुधवार की रात भी इसी बात को लेकर झगड़ा हुआ काफी देर पति-पत्नी में विवाद होता रहा है। कुछ देर बाद पति ने गुस्से में आकर पत्नी को मुंह और सीने में लाठियां बरसाना शुरू कर दिया जिसकी वजह से महिला की मौत हो गई।

### झगडें के कारण मां-बाप के साथ नहीं रहते बेटे

बताया जा रहा है कि आरोपी खजांची बर्मन की हरकतों के कारण उसके 4 बेटे साथ में नहीं रहते हैं। पहले सभी साथ में रहते थे परंतु खजांची रोजाना शराब पीकर आता और मारपीट करता था कई बार इसको लेकर बाप-बेटों में झगड़ा हुआ जिसे आसपास के लोगों ने बीच-बचाव किया।

# जबलपुर-होशंगाबाद को बड़ी सौगात

## भेड़ाघाट-लम्हेटा घाट के साथ सतपुड़ा का टाइगर रिजर्व को यूनेस्को सूची में जगह

**जबलपुर, यशभारत। कोरोना संकट काल के दौरान प्रदेश के लिए एक अच्छी खबर आई है। अच्छी खबर यूनेस्को की तरफ से है. यूनेस्को ने मध्य प्रदेश के दो बड़े पर्यटन स्थलों को विश्व धरोहर की सूची में शामिल कर लिया है।**



केंद्रीय मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के प्रयासों से जबलपुर को मिली बड़ी सौगात

केंद्रीय संस्कृति मंत्री प्रहलाद पटेल ने बताया कि मंत्रालय की संस्था, एएसआई ने यूनेस्को विश्व धरोहर की संभावित सूची में शामिल करने के लिए नौ स्थलों का नाम प्रस्तावित किया था, जिनमें से छह स्थलों को संभावित सूची में शामिल कर लिया गया है. इनमें मध्यप्रदेश के दो स्थल शामिल हैं.

पहला- नर्मदा घाटी पर बना भेड़ाघाट-लम्हेटाघाट और दूसरा- सतपुड़ा टाइगर रिजर्व शामिल है। ये दोनों ही स्थल अपनी खासियत के लिए विश्व में पहचाने जाते हैं। जबलपुर के भेड़ाघाट में नर्मदा की धार पूरे विश्व में प्रसिद्ध है तो वहीं दूसरी तरफ प्राकृतिक सौंदर्य और बाघों के बेहतर रहवास के लिए सतपुड़ा टाइगर रिजर्व एरिया विश्वभर में प्रसिद्ध है. अब यूनेस्को की सूची में शामिल होने के बाद यह विश्व धरोहर में शामिल हो गया है।

### मैंने बनवाया था प्रस्ताव इसके बाद केंद्रीय मंत्री को भेजा गया- संजय



बरगी विधायक संजय यादव ने कहा कि वर्ल्ड हेरिटेज में शामिल होने पर बधाई सबसे पहले मैंने हम लोगों की बैठक हुई थी भेड़ाघाट में विधानसभा सरकारी उपक्रम समिति की बैठक में उक्त प्रस्ताव पास हुआ था उसी दिन हमने तत्काल केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल को मेल भेज कर भेड़ाघाट वर्ल्ड हेरिटेज में शामिल करने प्रस्ताव भेजा था जिसमें प्रमुख रुप से अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह विधायक , अजय विश्नोई ,, जालम सिंह पटेल के समक्ष मैंने यह प्रस्ताव रखा था सभी ने सर्वसम्मति से उक्त प्रस्ताव पारित करवाकर केंद्रीय मंत्री के पास भेजा था। कमलनाथ सरकार के समय उक्त प्रक्रिया शुरू करवाई थी विधानसभा में प्रश्न के माध्यम से उक्त आवाज उठाई थी इसमें में सभी को बधाई देता हूं आभार व्यक्त करता हूं।

## अब ब्लैक फंगस के इंजेक्शन बाजार से हुए गायब

**जबलपुर।** रेमडिसिविर के बाद अब ब्लैक फंगस के उपचार में लगने वाले लाइपोसोमल एम्फोटेरिसीन इंजेक्शन की शहर में किल्लत होने लगी है। आपदा में अवसर तलाशने वाले इस इंजेक्शन की कालाबाजारी में जुट गए है। कोविड संक्रमण के बीच ब्लैक फंगस (म्यूकरमाइकोसिस डिसीज) के उपचार में लगने वाले इंजेक्शन व दवाओं का टोटा शहर ही नहीं पूरे देश प्रदेश में दिखाई दे रहा है। कोविड के लिए जीवन रक्षक रेमडिसिविर इंजेक्शन की तरह इस इंजेक्शन और दवा की कमी को लेकर अब तक मरीजों के परिजनों के बीच त्राहि- त्राहि मची हुई है।सरकारी अस्पताल से लेकर निजी अस्पतालों में भर्ती ब्लैक फंगस के मरीजों के परिजनों को यह बताया जा रहा है कि यह इंजेक्शन उनके पास नहीं है ऐसे में आगे उपचार प्रभावित हो रहा है। अस्पताल प्रबंधकों के हाथ खड़े करने के बाद मरीजों के परिजन अपने स्तर पर शहर के दवा बाजारों मे घूम-घूमकर इंजेक्शन पाने की कवायद में जुटे हुए है।नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडीकल कालेज के ईएनटी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. कविता सचदेवा ने बताया कि अचानक से मरीज बढ़ने के चलते यह इंजेक्शन मेडिकल अस्पताल में भी खत्म हो गए है।

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK
ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE
KATANGA CROSSING
NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

SONY Panasonic INTEX Kurl-on Haier Godrej SAMSUNG USHA PHILIPS & All Product
शादियों के लिए विशेष पैकेज
आसान किश्तों पर आसान शर्तों पर
बेटी की शादी का पूरा फर्नीचर सागौन द्वारा निर्मित
मिश्रा फर्नीचर्स एण्ड इन्टरप्राइजेज
सरकारी कुंआ, शीतलामाई रोड, जबलपुर फोन नं. 2626496 मो. 9827235010
फर्नीचर्स वारंटी पर उपलब्ध

# गोपाल सदन में दिन दहाड़े धांय-धांय





## नकाबपोश बदमाशों का कारनामा, पुलिस जुटी जांच में

**जबलपुर, यशभारत। कोतवाली के गोपाल सदन आदित्य कॉन्वेंट स्कूल के पास उस समय अफरा-तफरी मच गई जब बाइक में सवार तीन नकाबपोश युवकों ने एक युवक पर फायर कर दिया। लूट के उद्देश्य से ख? युवकों ने बाइक सवार को आता देख पहले तो दो फायर ऊपर किए इसके बाद गोली युवक पर चला दी वो गनीमत ये थे कि बाइक सवार युवक के पास मौजूद किताब को गोली छूते हुए निकल गई।**

जानकारी के अनुसार चंडालभाटा में अखिल खंडेलवाल की तेल-शक्कर का गोदाम है। अखिल खंडेलवाल ने गोदाम के कर्मचारी अमित राजपूत के हाथों में एक बैग देकर घर भेजा, बैग में 2 लाख 20 हजार रूपए थे। गोदाम का कर्मचारी जैसे ही आदित्य कॉन्वेट स्कूल गोपाल सदन के पास पहुंचा तभी पहले से घात लगाकर बैठे नकाबपोश युवकों ने उस पर गोली चला दी। बचने के लिए उसने जब किताब को आगे किया तो गोली किताब को छूकर निकल गई और वह बाल-बाल बच गया।

### एक बाइक में तीन युवक थे

पीडित ने जानकारी देते हुए बताया कि अखिल खंडेलवाल का घर गोपाल सदन के पास है और वह रोज की तरह पैसे लेकर घर जा रहा था इसके बाद वह पैसे बैंक में जमा करता। घर के पास पैशन बाइक में बैठे तीन युवकों ने उसे देखते ही फायर कर दिया जिससे वह डर गया और पास में रखे बैग को ही बचाव के लिए सामने ले आया।

**फोटो- अशोक बर्मन**

## ट्रेडर्स कर्मचारी को लूटने का प्रयास, किताब को चीरते हुए निकली गोली

### पुलिस ने की नाकाबंदी

घटना की जानकारी लगते ही मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी, कोतवाली टीआई सहित अन्य पुलिस कर्मी मौके पर पहुंच गए। घटना के बाद में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा को अवगत कराते हुए पूरे शहर में नाकाबंदी कर दी गई है।आरोपियों को ढूढने के लिए सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं।

पगड़ी रस्म



स्व.ज्योतिष सेठी

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पूज्य पिताजी श्री ज्योतिष सेठी का स्वर्गवास दिनांक 18/05/2021 को हो गया है।
पगड़ी रस्म कल दिनांक 21 मई 2021 को हमारे निज निवास जबलपुर एपीआर कॉलोनी बिलहरी में सम्पन्न होगी।
शोकाकुल
ओमप्रकाश शर्मा, नवल प्रकाश पाण्डेय, सत्यनारायण शर्मा, राजकुमार रघुवंशी
कोरोना काल के चलते अपनी श्रद्धांजलि फोन द्वारा प्रेषित कर सकते हैं-9644544999

Pure & Tasty AK'S Special Jabalpur
मो. 9827681910
गर्मी के मौसम में स्पेशल सत्तू चने का उपलब्ध है। अब हमारे नये शोरूम गोरखपुर में
अशोक कुमार अजित कुमार
गुलाबी चना, मुरमुरा, बोल्ड चना, केला चिप्स, बोल्ड पीनट, मसाला चना, ड्राय मेल, चना जौर गर्म
प्रियदर्शनी एवं सेवा केन्द्र मढ़ाताल में उपलब्ध
ब्रांच-अशोक कुमार, अजित कुमार पुराना लेबर कोर्ट, नर्मदा रोड, गोरखपुर, जबलपुर

सुपरस्पेश्यालिटी पेट एवं लिवर रोग क्लीनिक
डॉ. मनीष तिवारी
M.B.B.S., MD, DM Gastroenterology Member of American college of Gastroenterology Consultant Gastroenterologist, Shailby Hospital Super Speciality Gastro & Liver Clinic Jabalpur
उपचार की सुविधायें
- पेट में लंबे समय से तकलीफ
- लिवर से संबंधित बीमारियां
- पेंक्रियाज से संबंधित बीमारियां
- पाचन से जुड़ी हुई परेशानियां
पता सुपरस्पेश्यालिटी पेट एवं लिवर रोग क्लीनिक उखरी तिराहा, विजयनगर, जबलपुर
परामर्श के लिये संपर्क करें- 8085257585, 0761-4004867

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)